राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# क्रांति समय

कार्यालय ऑफिस
क्रांति समय दैनिक समाचार में प्रेसनोट,नोटिस,वेपार संबंधित संपर्क करें
पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-9879141480
ईमेल:-info.krantisamay@gmail.com

सुरत गुजरात से प्रकाशित, मुंबई,उत्तरप्रदेश,बिहार,राजस्थान,मध्यप्रदेश,उत्तरांचल,उत्तराखंड,दिल्ली,हरियाणा में प्रकाशित

सुरत-गुजरात,संस्करण बुधवार 04 सितंबर 2024 वर्ष-7,अंक-222 पृष्ठ-08 मूल्य-01रूपये

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## पहला कॉलम



### राष्ट्रपति मुर्मू करेंगी उदगीर बुद्ध विहार का उद्घाटन, आनंद मेले में लेंगी भाग

**लातूर,** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू महाराष्ट्र के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। वह बुधवार को लातूर जाएंगी। यहां राष्ट्रपति उदगीर बुद्ध विहार का उद्घाटन करेंगी और फिर महिला आनंद मेले समारोह में भाग लेंगी। राष्ट्रपति मुर्मू अपनी यात्रा के पहले दिन कोल्हापुर के वरणानगर में श्री वरणा महिला सहकारी समूह के स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल हुईं थी। आज यानी मंगलवार को वह पुणे में सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड यूनिवर्सिटी) के 21वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करेंगी। इसके साथ ही वह मुंबई में महाराष्ट्र विधान परिषद के शताब्दी समारोह में भी शामिल होंगी। अपनी यात्रा के आखिरी दिन बुधवार को राष्ट्रपति मुर्मू लातूर के उदगीर में बुद्ध विहार का उद्घाटन करेंगी और शासन अव्यान दारी और मुख्यमंत्री माझी लड़की बहन योजना के लाभार्थियों से भी मुलाकात करेंगी। मुख्यमंत्री माझी लड़की बहन योजना को महाराष्ट्र राज्य सरकार ने 28 जून, 2024 को लॉन्च किया था। योजना का उद्देश्य राज्य में महिलाओं को वित्तीय मदद और सशक्तिकरण प्रदान करना है। इस योजना को पूरे राज्य की महिलाओं से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि अब तक पूरे महाराष्ट्र से दो करोड़ 40 लाख महिलाओं ने आवेदन किया है। इस योजना के लिए आवेदन की आखिरी तारीख 31 अगस्त थी, लेकिन इस योजना के प्रति पात्र महिलाओं के उत्साह को देखते हुए शिंदे सरकार बड़ा फैसला ले सकती है।

### कांस्टेबल भर्ती के दौरान हुईं मौतों पर जांच है जारी

**-डौक्टर्स कह रहे दौड़ की प्रेक्टिस नहीं, पुलिस अधिकारी बता रहे कुछ और...**

**रांची ।** झारखंड आबकारी कांस्टेबल भर्ती शारीरिक परीक्षा में शामिल 12 उम्मीदवारों की मौतों से बवाल मचा हुआ है। डॉक्टर्स का कहना है कि दौड़ की प्रैक्टिस न करने वाले उम्मीदवारों के साथ कुछ समस्या हुई है। जबकि बहाली देख रहे एक पुलिस अधिकारी ने एनर्जी ड्रिंक या दवा की ओर भी इशारा किया है। हालांकि, मामले की जांच जारी है। डॉक्टर एसके विनायक ने बताया, अचानक दौड़ने पर इंसान के शरीर में प्रेशर के साथ ऑक्सीजन लेवल कम होता है। साथ ही स्टीरॉयड या एनर्जी ड्रिंक जैसे पदार्थ काफी हानिकारक हो सकते हैं। उन्होंने अपील की है कि यह जिंदगी का ये आखिरी इम्तेहान नहीं है, इसलिए अभ्यर्थियों को धैर्य रखना चाहिए। पलामू में भर्ती परीक्षा देख रहे कमांडेंट रैंक के आईपीएस अधिकारी मुकेश कुमार ने कहा, अभ्यर्थियों को धैर्य रखने की जरूरत है। दौड़ में शामिल कुछ अभ्यर्थियों का व्यवहार अजीब था। एनर्जी ड्रिंक लेना या दवा लेना भी मौत का एक कारण हो सकता है। हालांकि, इस संबंध में जांच जारी है। हालांकि, सफल अभ्यर्थियों का कहना है कि परिवारवाले चाहते थे कि सरकारी नौकरी लेकर वे समाज की सेवा और परिवार को भी सपोर्ट करें। महिला और पुरुष अभ्यर्थियों ने बताया कि उन्होंने दौड़ के लिए लंबे समय से अभ्यास किया है ताकि समय और ताकत बनी रहे। सफल कैंडिडेट्स का भी मानना है कि बगैर प्रैक्टिस के समस्या हो सकती है और शक्तिवर्धक उपाय यानी शॉर्टकट जानलेवा हो सकते हैं। उधर, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आबकारी कांस्टेबल भर्ती अभियान को तीन दिनों के लिए रोकने के निर्देश जारी किए हैं। उम्मीदवारों की मौत को दुखद और हृदय विदारक बताकर सोरेन ने कहा कि उन्होंने पिछली सरकार द्वारा बनाए नियमों की तत्काल समीक्षा करने को कहा है। बीजेपी ने दावा किया है कि अब तक 15 उम्मीदवारों की जान जा चुकी है, जबकि झारखंड पुलिस के अनुसार, अब तक 12 उम्मीदवारों की मौत की सूचना मिली है।

### विधायक नितेश राणे के बयान की बीजेपी ने की निंदा....ऐसी भाषा की जरुरत नहीं

**मुंबई ।** महाराष्ट्र से बीजेपी (भारतीय जनता पार्टी) विधायक नितेश राणे का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वायरल हो रहे वीडियों में मुसलमानों को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी करते दिख रहे है। उनके वीडियो को एआईएमआईएम (ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन) के राष्ट्रीय प्रवक्ता वारिस पठान ने शेयर किया। पठान ने आरोप लगाया कि राणे अपने पूरे भाषण में मुसलमानों के खिलाफ नफरत फैला रहे हैं। इस मामले में बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता तुहिन सिन्हा ने कहा कि वे नितेश राणे के कहे शब्दों की निंदा करते हैं। सिन्हा ने कहा, मैं उनके कहे शब्दों की निंदा करता हूं। इसतरह की भाषा का सार्वजनिक जीवन में कोई स्थान नहीं है। किसी भी राजनेता को इसतरह के शब्द का इस्तेमाल नहीं कहने चाहिए। जहां तक मुझे पता है उनके खिलाफ दो एफ़आईआर दर्ज हो चुकी हैं। नितेश राणे ने अपने विवादित बयान पर कहा, वे (दूसरे समुदाय के लोग) बोल सकते हैं लेकिन हम इसी भाषा के साथ हिंदू समुदाय के समर्थन में उतरें, तब हमसे क्यों सवाल किया जाता है? पुलिस और संविधान को अपना काम करने दीजिए। उन्होंने कहा, हिंदू समुदाय के लोगों को क्यों धमकाया जाता है?

# हरियाणा चुनाव में कांग्रेस-आप में हो सकता है गठबंधन

**राहुल गांधी ने राय मांगी; हुड्डा 3-4 सीटों पर राजी, चंडीगढ़ में इसी फॉमूले से निगम-लोकसभा जीते**




**पानीपत। (एजेंसी)**

हरियाणा विधानसभा चुनाव के बीच राजनीति को चौंकाने वाली खबर सामने आई है। यहां चुनाव में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी में गठबंधन हो सकता है। दोनों ही पार्टियां पहले ही इंडिया ब्लॉक के सदस्य हैं। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक इसकी पहल राहुल गांधी ने की है। केंद्रीय चुनाव समिति की मीटिंग में राहुल गांधी ने हरियाणा के नेताओं से इस बारे में पूछा। इसके बाद एक सीनियर नेता की ड्यूटी लगाई कि वह इस बारे में प्रदेश के नेताओं से बात करे। इससे पहले लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस-आप ने मिलकर चुनाव लड़ा था। कांग्रेस ने 9 और आप ने 1 सीट पर चुनाव लड़ा था। कांग्रेस 5 सीटें जीती लेकिन आप कुरूक्षेत्र सीट हार गई थी। हालांकि चंडीगढ़ चुनाव में एक साथ लडने् पर कांग्रेस-आप ने निगम और लोकसभा चुनाव जीता था।

कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक चुनाव समिति की मीटिंग में राहुल गांधी ने नेताओं से पूछा कि क्या हमें हरियाणा में आम आदमी पार्टी से गठबंधन करना चाहिए?। वहां राय जानने की कोशिश के बाद सीनियर नेता को कहा कि वह नेताओं से बात करे। गठबंधन संभव है या नहीं और अगर हुआ तो इसके फायदे-नुकसान क्या होंगे, इसके बारे में रिपोर्ट मांगी है।

### अपनाया जाएगा लोकसभा चुनाव वाला फॉर्मूला

माना जा रहा है कि गठबंधन हुआ तो सीट बंटवारे को लेकर लोकसभा चुनाव वाला फॉर्मूला ही अपनाया जा सकता है। इसको लेकर आज शाम को होने वाली केंद्रीय चुनाव समिति की दूसरी मीटिंग में स्थिति साफ हो सकती है। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया ने कहा गठबंधन हो सकता है। इसके लिए आप और बाकी इंडिया के सहयोगी बाकी दलों के साथ बातचीत चल रही है। हम हरियाणा में वोटों का ध्रुवीकरण और भाजपा को रोकना चाहते हैं। वहीं इस मामले में भूपेंद्र हुड्डा ने कहा कि अगर गठबंधन होता है तो आप को केवल 3-4 सीटें दे सकते हैं। मगर, आप इससे ज्यादा मांग रही है, इसलिए गठबंधन मुश्किल है। वहीं भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन ने कहा कि कांग्रेस को पता लग गया है कि वह हरियाणा नहीं जीत सकती। इसलिए आखिरी वक्त में कुछ उपाय कर रही है। आप से गठबंधन की बात कर रही है लेकिन प्रदेश की जनता भाजपा के साथ है। कांग्रेस जो मर्जी कर ले, किसी से गठबंधन कर ले, भाजपा ही आएगी।

### भाजपा को हराना प्राथमिकता

वहीं आप के संजय सिंह ने कहा कि भाजपा और उसकी नफरत की राजनीति तथा लोगों, किसानों और युवाओं के खिलाफ राजनीति को हराना हम सभी की प्राथमिकता है। हालांकि, सिंह ने कहा कि इस मुद्दे पर कोई भी आधिकारिक रुख आप के हरियाणा मामलों के प्रभारी संदीप पाठक और प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता द्वारा तय किया जाएगा। आप के वरिष्ठ नेता ने कहा, इस संबंध में कोई भी अंतिम निर्णय केजरीवाल की मंजूरी के बाद हरियाणा में संगठनात्मक और चुनाव संबंधी कार्यों से जुड़े हमारे नेताओं द्वारा लिया जाएगा।

# हिमाचल में वित्तीय संकट.......

**वेतन और पेंशन नहीं मिला कर्मचारियों को**

**शिमला । (एजेंसी)**

भले ही हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राज्य के गहराते वित्तीय संकट के बारे में चिंताओं को दूर करने की कोशिश की हो, लेकिन सेवारत और सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों की वेतन और पेंशन में देरी ने इस आंशका को सच साबित कर दिया। जब सोमवार को उनके बैंक खातों में कोई भुगतान नहीं किया गया।

आम तौर पर वेतन और पेंशन हर माह की पहली तारीख को उनके बैंक खातों में जमा कर दी जाती है। हालाँकि, रविवार होने के कारण वेतन सोमवार को वितरित किया जाना चाहिए था, जो नहीं हुआ, जिससे दो लाख से अधिक नियमित कर्मचारी काफी चिंतित हैं।

अभी भी कोई आधिकारिक बयान नहीं है, कि वेतन कब वितरित होगा, लेकिन कांग्रेस नेतृत्व के साथ-साथ नौकरशाही के बीच भी चिंता है कि गंभीर वित्तीय संकट के बीच स्थिति से कैसे निपटा जाए।

हालांकि पिछले शासनकाल में इसतरह के उदाहरण आए हैं जब राजकोष घाटे में चला गया, लेकिन वेतन और पेंशन में कभी देरी नहीं हुई। हालाँकि, इस बार देरी एक दिनचर्या बन सकती है क्योंकि अधिक ऋण जुटाने का कोई प्रावधान नहीं है और राज्य पूरी तरह से केंद्र पर निर्भर है। विडंबना यह है कि एचपी राज्य विद्युत बोर्ड के कर्मचारी और पेंशनभोगी, जिन्हें अतीत में हमेशा देरी से वेतन मिलता था, भुगतान प्राप्त करने वाले एकमात्र व्यक्ति थे। सीएम सुक्खू ने पूर्ववर्ती भाजपा सरकार पर वित्तीय कुप्रबंधन का आरोप लगाया है, जिसका दोष उन्होंने उनके द्वारा शुरू की गई मुफ्त की संस्कृति को दिया है। राज्य विधानसभा में सुक्खू कहना चाहते थे कि इन सभी मुफ्त सुविधाओं ने उस वित्तीय संकट में प्रमुख भूमिका निभाई है जिसका राज्य वर्तमान में सामना कर रहा है।

लेकिन उन्होंने सदन के सदस्यों से कहा कि राज्य के खजाने की स्थिति जल्द ही बेहतरी के लिए बदल जाएगी। उन्होंने कहा कि वह हिमाचल प्रदेश को 2027 तक आर्थिक रूप से स्वतंत्र राज्य और 2032 तक देश का सबसे समृद्ध राज्य बनाना चाहते हैं।

कर्मचारियों को वेतन नहीं मिलने पर सचिवालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष संजीव शर्मा ने कहा कि हर बार पेंशनभोगियों और कर्मचारियों को हर महीने की 1 तारीख तक वेतन मिल जाता है। उन्होंने कहा कि ऐसा मैं पहली बार देख रहा हूं जब 3 सितंबर है और कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला है।

**राहुल के ऑफर का संजय ने किया स्वागत.....**

### अंतिम फैसला केजरीवाल पर छोड़ा

नई दिल्ली । हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी और कांग्रेस में गठबंधन हो सकता है। दरअसल कांग्रेस नेता राहुल गांधी के ऑफर पर आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने बड़ा बयान दिया है। सिंह ने कहा कि मैं राहुल गांधी के बयान का स्वागत करता हूं। बीजेपी को हराना हमारी प्राथमिकता है। लेकिन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सहमति से फैसला होगा। बता दें कि हरियाणा की 90 विधानसभा सीटों पर 5 अक्टूबर को चुनाव होना है। इस पर कांग्रेस पार्टी में मंथन का दौर जारी है। हरियाणा के एआईसीसी प्रभारी दीपक बाबरिया ने बताया था कि बुधवार तक अंतिम सूची जारी कर दी जाएगी। उन्होंने कहा था कि विनेश फोगट को लेकर चल रही अटकलों पर भी मंगलवार तक विराम लगेगा। राज्य की स्क्रीनिंग कमेटी ने 49 नामों की सूची पेश की, जिसमें से 34 को मंजूरी मिल गई है और 15 नाम लंबित हैं। 22 मौजूदा विधायकों को टिकट मिलने पर मुहर लग गई है। हरियाणा के विधानसभा चुनाव के लिए पांच अक्टूबर को वोटिंग होगी। यहां एक ही चरण में सभी 90 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। पहले यहां 1 अक्टूबर को वोटिंग होनी थी। लेकिन बिश्नोई समाज के सदियों पुराने त्यौहार आसोज अमावस्या के चलते तारीख को आगे बढ़ा दिया गया है। इसके नतीजे 8 अक्टूबर को जम्मू-कश्मीर चुनाव के साथ ही घोषित किए जाएंगे।

# भेड़िये के बाद अब सियारों की एंट्री.........मां के साथ सो रही नवजात बच्ची ले भागे

**-रोने की आवाज सुनकर परिजन पहुंचे तो नोच रहा था उसका शरीर**



**सुलतानपुर। (एजेंसी)**

यूपी के बहराइच में आदमखोर भेड़ियों ने आतंक मचा रखा है। भेड़िये मासूम बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को अपना शिकार बना रहे है। इसी बीच सुलतानपुर से भी ऐसा ही एक मामला सामने आया है। यहां पर एक सियार ने आतंक मचा रखा है। सियार बीती रात करीब चारपाई पर अपनी मां के साथ सो रही नवजात बच्ची को उठा ले गया। करीब 60 मीटर दूर ले जाकर बच्ची को नोचना शुरू किया तो बच्ची रोने लगी। आवाज सुनकर माता-पिता वहां पहुंचे तो सियार भाग गया। सियार के हमले से बच्ची की मौत हो गई। यह मामला मोतिगरपुर थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत दियरा के कोड़रिया पुरवे का है। गांव निवासी मोनू अपनी पत्नी बच्चों के साथ सोए हुए थे। पत्नी मुस्कान अपनी नवजात बेटी काजल (2 माह) व अन्य बच्चों के साथ चारपाई पर सो रही थी जबकि पिता मोनू बेटे सुल्तान के साथ दूसरी चारपाई पर लेटा था। उन्होंने बताया कि रात करीब एक बजे बेटी के रोने की आवाज सुनकर जागे तो नवजात काजल चारपाई पर नहीं थी। बच्ची के रोने की आवाज घर के पास खेतों में से आ रही थी। जब वह वहां पहुंचे तो सियार बच्ची को नोच रहा था, उन्हें देखकर भाग गया। सियार के हमले से नवजात के सिर के ऊपरी हिस्से में गहरा घाव हो गया है। परिजन उसे अस्पताल ले गए जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बच्ची की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी ग्राम प्रधान ने पुलिस को दी। वहीं, 10 दिन पहले पास के एक गांव खैरहा निवासी बुजुर्ग बंशीधर चौबे को भी सियार ने चेहरे पर काट लिया था। सियार के हमले से अब इलाके में दहशत का माहौल है।

# सुप्रीम कोर्ट की निचली अदालतों को हिदायत.......पीठ के फैसलों के खिलाफ काम ना करे

**नई दिल्ली । (एजेंसी)**




सुप्रीम कोर्ट ने सख्त हिदायत दी कि निचली अदालतों के लिए मुकदमों की जल्दी सुनवाई के लिए हाई कोर्ट समय सीमा तय कर रहे हैं और सिर्फ इस आधार पर जमानत देने से इंकार सही नहीं है। अदालत ने कहा कि यह शीर्ष अदालत के फैसले के खिलाफ है, क्योंकि इस तरह की समयावधि निर्धारित करना असाधारण मामलों में ही तय किया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि हाई कोर्ट द्वारा मुकदमों के जल्दी निपटान और जल्द सुनवाई के लिए जमानत देने से इंकार शीर्ष अदालत की संविधान पीठ के फैसलों के खिलाफ है। रिपोर्ट मुताबिक, पीठ ने कहा, सर्वोच्च न्यायालय की संविधान पीठ की घोषणा के बावजूद, हमने देखा है कि कई उच्च न्यायालय जमानत खारिज करते समय मुकदमों की जल्दी सुनवाई तय करे हैं।

ऐसा नहीं हो सकता और सिर्फ इस आधार पर जमानत से इंकार करे कि मुकदमे का निपटारा शीघ्रता से होगा। मुकदमे की सुनवाई की सीमा का ऐसा निर्धारण केवल बहुत ही असाधारण मामलों में किया जाना चाहिए। गौरतलब है कि फरवरी में न्यायमूर्ति ओका की अध्यक्षता में संविधान पीठ के फैसले में कहा गया था कि अदालतों को किसी अन्य अदालत में लंबित मामलों के लिए समयबद्ध कार्यक्रम निर्धारित करने से बचना चाहिए।

# महिला सुरक्षा पर ममता का एंटी रेप बिल पास.......जल्द जांच और जल्द फांसी

**-भाजपा का बिल को समर्थन**




**कोलकाता । (एजेंसी)**

पश्चिम बंगाल विधानसभा में एंटी रेप बिल पास हो गया है। बंगाल में ममता सरकार ने अपराजिता विधेयक को ट्रेनी डॉक्टर के साथ रेप और हत्या की घटना के बाद विधानसभा में पेश किया था। इसके लिए विधानसभा का स्पेशल सत्र बुलाया गया था। ममता सरकार ने बिल को अपराजिता महिला एवं बाल विधेयक 2024 नाम दिया है। बिल पर बहस के दौरान सीएम ममता ने साल 2020 में उत्तर प्रदेश के हाथरस में 20 साल की दलित महिला के साथ रेप और 2013 में बंगाल के उत्तरी 24 परगना जिले में एक कॉलेज छात्रा की रेप और बर्बर हत्या के साथ ही जयपुर में एक सरकारी अस्पताल में एक बच्ची के रेप का जिक्र किया। ममता ने कहा भाजपा शासित यूपी और गुजरात जैसे राज्यों में महिलाओं के खिलाफ अपराध की दर असामान्य रूप से ज्यादा है। वहां न्याय नहीं है, लेकिन बंगाल की महिलाओं को अदालतों में न्याय मिलेगा।

**कानून तत्काल प्रभाव से लागू हो**

बिल पेश होने के बाद नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने कहा, हम चाहते हैं कि यह कानून तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया जाए। बिल को लागू करवाना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। हमें परिणाम चाहिए।

**एंटी रेप बिल के बारे में जानिए सबकुछ**

- इस बिल के भीतर रेप और हत्या करने वाले अपराधी के लिए फांसी की सजा का प्रावधान।
- चार्जशीट दायर करने के 36 दिनों के भीतर सजा-ए-मौत का प्रावधान।
- 21 दिन में जांच पूरी करनी होगी।
- अपराधी के मददगार को 5 साल की कैद की सजा का प्रावधान।
- हर जिले के भीतर स्पेशल अपराजिता टास्क फोर्स बनाए जाने का प्रावधान।
- रेप, एसिड, अटैक और छेड़छाड़ जैसे मामलों में ये टास्क फोर्स लेगी एक्शन।
- रेप के साथ ही सिड अटैक पर भी आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान।
- पीड़िता की पहचान उजागर करने वालों के खिलाफ 3-5 साल की सजा का प्रावधान।
- अपराजिता बिल कैसे बनेगा कानून?
- अपराजिता विधेयक को पारित होने के लिए राज्यपाल, राष्ट्रपति की मंजूरी की जरूरत होगी। विधानसभा में अपराजिता बिल पारित होने के बाद हस्ताक्षर के लिए राज्यपाल के पास भेजा जाएगा। इसके बाद बिल को राष्ट्रपति से मंजूरी मिलना जरूरी है।

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## संपादकीय

## महाराष्ट्र की चिंता

महाराष्ट्र की राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप की बाढ़ स्वाभाविक, किंतु विचारणीय है। आरोप-प्रत्यारोप की सिलसिला इस तरह आगे बढ़ रहा है कि नेताओं की एक-दूसरे के प्रति घृणा सामने आने लगी है। गुरुवार को एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिंदे की शिव सेना के सदस्य और मंत्री तानाजी सावंत ने यहां तक कह दिया कि कैबिनेट की बैठकों में एनसीपी के सहयोगियों के साथ बैठने के बाद उन्हें उबकाई जैसा महसूस होता है। सावंत ने यह भी कहा कि वह एक कट्टर शिव सैनिक हैं और उनकी एनसीपी के नेताओं से कभी नहीं बनी। राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता अपनी जगह है, पर ऐसे उद्गार सत्ता के कैसे चेहरे सामने लाते हैं? क्या लोकतंत्र में अलग-अलग राजनीतिक दलों के नेताओं के बीच ऐसी घृणा और उसके सार्वजनिक इजहार को सहजता से लेना चाहिए? यह बहुत दुखद है कि महाराष्ट्र में पार्टियों में भयंकर टूट-फूट के बाद ऐसे गठबंधन बने हैं, जिनमें परस्पर सम्मान का न्यूनतम भाव भी नहीं है। ऐसी घृणा के बावजूद साथ मिलकर सरकार चलाने की भला कौन प्रशंसा कर सकता है? जाहिर है, महाराष्ट्र के सत्ता पक्ष में जब ऐसी घृणा है, तो उसके दुष्प्रभाव चुनाव में भी दिखाई देंगे। सत्ताधारी संगठन जब जमीन पर उतरकर काम करेगा, तब लोगों का विश्वास जीतने में जरूर समस्या आएगी। सत्ताधारी गठबंधन, जिसे महायुति कहा जाता है, के बड़े नेताओं को अपने स्तर की अवश्य चिंता करनी चाहिए। कोई आश्चर्य नहीं, शिव सेना मंत्री तानाजी सावंत की घृणा भरी टिप्पणी के बाद वहां माहौल खराब हुआ है। सरकार में शामिल अजित पवार की राकांपा के प्रवक्ता और विधान परिषद सदस्य अमोल मिटकारी ने सावंत के बयान की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि गठबंधन धर्म निभाने के लिए ही हम चुप हैं। शरद पवार की राकांपा ने साफ कह दिया है कि भाजपा के लिए अजित पवार की पार्टी को महायुति से बाहर निकालने का समय आ गया है। विगत दिनों से लगातार यह कयास लगाया जा रहा है कि अजित पवार किसी भी समय इस गठबंधन से बाहर आ सकते हैं। महायुति में भीतरखाने बेचैनी का आलम है, जिसे दूर करने की कोशिशें कामयाब नहीं हो रही हैं। अब चूंकि चुनावी बिगुल बज चुका है, इसलिए इस बेचैनी का तत्काल कोई समाधान नहीं है। दरअसल, एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले नेता जब किसी एक सरकार में शामिल हो जाते हैं, तब ऐसी स्थिति का बनना स्वाभाविक है। आज महाराष्ट्र गठबंधन के शौकीन दलों के लिए एक सबक बन गया है। महाराष्ट्र की राजनीति में इन दिनों छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा के गिरने का विवाद भी चरम पर है। सिंधुदुर्ग जिले में छत्रपति की प्रतिमा का गिरना एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बन गया है। अनेक वर्गों में गुस्सा चरम पर है, जिसका असर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के बयानों में दिख रहा है। इस मामले में पहली गिरफ्तारी भी हो गई है। छत्रपति चूंकि महाराष्ट्र के मान-सम्मान से जुड़े हैं, इसलिए यह मामला चुनाव में भी असर दिखा सकता है। सियासी फायदे को देखते हुए उद्धव ठाकरे की शिव सेना की ओर से सरकार को जूते मारो आंदोलन की बात कही जा रही है। जूते मारो जैसा जुमला महाराष्ट्र की राजनीति में पहले भी इस्तेमाल हुआ है। जिस भी पार्टी ने इसका इस्तेमाल किया है या जो पार्टी इसका इस्तेमाल करना चाहती है, उसे भविष्य की राजनीति और उसमें अपने योगदान के बारे में जरूर सोच लेना चाहिए।

## आज का राशिफल

**मेष** जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। राजनैतिक महात्वाकांक्षा की पूर्ति होगी। रुपए पैसे के लेन-देन में सावधानी अपेक्षित है। वाहन प्रयोग में सावधानी अपेक्षित है।

**वृषभ** आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। वाणी की सौम्यता बनाये रखे। ससुराल पक्ष से लाभ होगा। दूसरों से सहयोग लेने में आप सफल रहेंगे। ईश्वर के प्रति आस्था बढ़ेगी।

**मिथुन** आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। वाणी की सौम्यता बनाये रखे। ससुराल पक्ष से लाभ होगा। दूसरों से सहयोग लेने में आप सफल रहेंगे। ईश्वर के प्रति आस्था बढ़ेगी।

**कर्क** राजनैतिक महात्वाकांक्षा की पूर्ति होगी। रुका हुआ कार्य सम्पन्न होगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी। मनोरंजन के अवसर प्राप्त होंगे।

**सिंह** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। क्रोध व भावुकता में लिया गया निर्णय कष्टकारी होगा। जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के योग हैं।

**कन्या** व्यावसायिक योजना सफल होगी। आर्थिक दिशा में किए गए प्रयासों में सफलता मिलेगी। वाणी की सौम्यता बनाकर रखना आवश्यक है। पिता या उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा।

**तुला** व्यावसायिक व पारिवारिक समस्याएं रहेंगी। अधीनस्थ कर्मचारी से तनाव मिलेगा। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आमोद-प्रमोद के साधनों में वृद्धि होगी। भाग्यवश कुछ ऐसा होगा जिसका आपको लाभ मिलेगा।

**वृश्चिक** शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। विरोधियों का पराभव होगा। मकान सम्पत्ति व वाहन की दिशा में किया गया प्रयास सफल होगा। प्रणय संबंध प्रगाढ़ होंगे।

**धनु** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। किया गया परिश्रम सार्थक होगा। पड़ोसियों से अकारण विवाद हो सकता है।

**मकर** रोजी रोजगार की दिशा में सफलता मिलेगी। नए अनुबन्ध प्राप्त होंगे। आय के नवीन स्त्रोत बनेंगे। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। वाणी पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता है।

**कुम्भ** दाम्पत्य जीवन सुखमय होगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी। मन प्रसन्न रहेगा। संतान के संबंध में सुखद समाचार मिलेगा। वाहन प्रयोग में सावधानी अपेक्षित है।

**मीन** गृहोपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। किसी अभिन्न मित्र से मिलाप होगा। भारी व्यय का सामना करना पड़ेगा। व्यर्थ के विवाद में न पड़ें।

# भारत-पाकिस्तान के बीच बदलती फिजा के संकेत

द ग्रेट गेम/ ज्योति मल्होत्रा



क्या प्रधानमंत्री मोदी के लिए समय आ गया है कि वे अपनी झिझक छोड़कर कहें ः 'हां, मैं पाकिस्तान जाऊंगा'? जिन लोगों को ज्यादा खबरों का पता न होगा, उनके लिए बता दें कि पिछले 48 घंटों में बहुत कुछ घटा है। पंजाब में सिकुड़ते जा रहे शिरोमणि अकाली दल का फायदा आम आदमी पार्टी को अपना आधार मजबूत करने में हो रहा है- खासतौर पर जब अकाली विधायक अपने पूर्व सहयोगी दल भाजपा में शामिल होने से कतरा रहे हैं- पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, जिनका परिवार अमृतसर से है, उन्होंने मोदी को पत्र लिखकर अक्तूबर में इस्लामाबाद में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। विदेश मंत्रालय ने पुष्टि की है कि उसे ऐसा निमंत्रण मिला है, लेकिन इसको लेकर इरादा क्या है, यह नहीं बताया। यह भी सच है कि पाकिस्तानी प्रतिष्ठान ने इस उम्मीद में यह खबर जारी की होगी कि इससे भारत के अंदर कुछ सार्वजनिक दबाव बनेगा -अपने दिल में दर्द पाले उन उदारवादियों का, जिनकी आजीविका 'संपर्क करने और छूने' की मानवीय भावना को उभार देने पर टिकी है, फिर अटारी-वाघा बॉर्डर पर 'मोमबत्ती जलाने वाली टोली' सदा इस रूप में भरोसेमंद रही है कि वह बातचीत के लिए दबाव बनाए।

हर चीज़ को नकारने वाले लोगों की उबाऊ भविष्यवाणी भी उतनी ही सटीक है। उनके लिए : मोदी इस्लामाबाद नहीं जाएंगे, न ही जा सकते हैं और जाना भी नहीं चाहिए,क्योंकि पाकिस्तान दुश्मन है, सो भरोसे लायक नहीं है। अगर आप भी ऐसे लोगों में एक हैं, तो फौरन अपना बोरिया-बिस्तर समेटकर अगली बस पकड़कर गुरदासपुर पहुंचें, ताकि आपको अपनी दुश्मनी को और पुख्ता करने का मौका मिले। जहां पर भारत-पाकिस्तान सीमा के कुछ किलोमीटर अंदर, जीरो लाइन से गज भर की दूरी पर ड्रोन उतरते हैं, यह तब आप जानेंगे कि कैसे हेक्साकॉप्टरों (ड्रोन) द्वारा शुद्धतम ग्रेड की सफेद हेरोइन -स्थानीय भाषा में चिट्टा- पाकिस्तानी प्रतिष्ठान के आदेश पर पैकेटों के रूप में पहुंचाई जाती है। निसंदेह 'छद्म युद्ध' चलाने के अनेकानेक तरीके हैं।

दूसरा तरीका है, प्रशिक्षित आतंकवादियों की घुसपैठ जम्मू क्षेत्र में करवाना। सैन्य विश्लेषकों का मानना है कि हाल के महीनों में भारतीय सैनिकों और अर्धसैनिक बलों पर घात लगाकर जो हमले हुए हैं- जिनमें इस बार की गर्मियों में अब तक 18 सैनिक शहीद हुए हैं - कश्मीर घाटी से ध्यान हटाने के लिए पाकिस्तानी सरकार की एक सोची-समझी रणनीति है। तो, प्रधानमंत्री मोदी को क्या करना चाहिए? उन्हें पाकिस्तान जाना चाहिए या नहीं? सनद रहे पूरे 10 साल पहले,मोदी ने दिल्ली में अपने पहले शपथ ग्रहण समारोह में पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को आमंत्रित किया था और शरीफ आए भी - अपने शक्तिशाली सैन्य प्रतिष्ठान की सलाह के विरुद्ध। जब शरीफ दिल्ली से वापस घर लौटे, तो कहा जाने लगा कि वे और उनका पद मुश्किल में है, क्योंकि उन्होंने उस व्यक्ति से हाथ मिलाना चुना जो 2002 के दंगों के वक्त गुजरात का मुख्यमंत्री था, जिसमें एक हजार से अधिक मुसलमान मारे गए थे। लेकिन शरीफ ने इसकी व्याख्या इस तरह से की ः 'मोदी दक्षिण एशिया के सबसे शक्तिशाली देश के प्रधानमंत्री थे, पाकिस्तान भारत का पड़ोसी है और दोनों ने विगत में उतार-चढ़ाव देखे हैं-ऐसे में शांति का हाथ बढ़ाना उनका कर्तव्य था'। परंतु शांति की यह बयार ज्यादा देर तक नहीं चली। 2 जनवरी, 2016 को पाकिस्तानी आतंकवादियों ने पठानकोट के वायुसेना अड्डे पर हमला किया। जल्द ही,मोदी ने घोषणा की कि सीमा पारीय आतंकवाद समाप्त होने तक वे पाकिस्तान के साथ तमाम बातचीत बंद कर रहे हैं। वार्ता प्रक्रिया ठंडे बस्ते में डाल दी गई। लेकिन सच यह है कि आठ साल बाद भी सीमा पारीय आतंकवाद समाप्त नहीं हुआ है। इस साल ग्रीष्म ऋतु शुरू होने के साथ जम्मू में घटी आतंकी घटनाएं संकेत देती हैं कि कोई तो है जो पर्दे के पीछे से पूरे तमाशे को चला रहा है। 'उसकी टूटी (नल का हैंडल) मेरे हाथ में है'-ये शब्द थे एक वरिष्ठ पाकिस्तानी जनरल के, जब 1999 की गर्मियों में, कारगिल युद्ध के चरम पर, उसने अपने सेना प्रमुख जनरल परवेज मुशर्रफ को सीमा पारीय आतंकवाद पर पाकिस्तान के नियंत्रण के बारे में कुछ इस तरह समझाया था। इस बातचीत को भारतीय खुफिया विभाग ने रिकॉर्ड किया, लिपिबद्ध किया और तत्कालीन पाकिस्तानी विदेश मंत्री सरताज अजीज को दिखाया, जब वे बीजिंग जाते समय दिल्ली में रुके थे। पहले तो अज़ीज़ वह बचाने का प्रयास करते रहे जिसका बचाव हो नहीं सकता था यानि कारगिल में पाकिस्तानी आक्रमण, लेकिन जब टेप सुनाकर पूछा गया तो इसके बाद उनके पास कहने के लिए और कुछ नहीं था।

2016 से मोदी भी ठीक इसी तरह दुविधा का सामना कर रहे हैं। वह अच्छी तरह समझते हैं कि पाकिस्तानी की प्रकृति बदली नहीं है और इससे अधिक यह कि निकट भविष्य में बदलाव होने की संभावना नहीं है। यदि कोई गुंजाइश थी भी, वह पड़ोसी बांग्लादेश में जिस तरह सुनियोजित ढंग से गड़बड़ को भड़काकर शेख हसीना को सत्ताच्युत किया गया, उससे जाती रही - इसमें जरा संदेह नहीं कि स्थिति को इस चरम तक पहुंचने देने के लिए वह खुद भी पूरी तरह से जिम्मेदार रहीं - इससे मोदी को भारत के खतरनाक पड़ोस की एक स्पष्ट तस्वीर मिल जाती है। तो, क्या उन्हें 2016 में की गई 'सर्जिकल स्ट्राइक' और उसके बाद 2019 में बालाकोट में मिसाइल हमले जैसी निवारक कार्रवाइयों वाला तरीका ही जारी रखना चाहिए - भले ही यह साफ हो कि पाकिस्तान हर दिन भारत को नुकसान पहुंचाने के नए-नए तरीके खोजेगा? या फिर उन्हें अटल बिहारी वाजपेयी का अनुसरण करते हुए उस देश के साथ शांति स्थापित करने की कोशिश करनी चाहिए, जिसके साथ बाद में उन्हें युद्ध लड़ना पड़ा था? यह स्पष्ट है कि भारत-पाकिस्तान की फिज़ा में हवा फिर से बदल रही है। मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनकर मजबूत बने हुए हैं, लेकिन यूक्रेन के मुद्दे पर रूस और अमेरिका, दोनों को,खुश रखने के लिए उन्हें अतिरिक्त प्रयास करने पड़ेंगे। यह स्पष्ट नहीं है कि क्या बड़ी शक्तियां चाहती हैं कि मोदी फिर से पाकिस्तान के साथ संपर्क स्थापित करें, जिसकी व्याख्या इस्लामाबाद से मिले आमंत्रण का वक्त करता है। भले ही यह निमंत्रण चीन समर्थक संगठन के वास्ते हो, वास्तव में एससीओ (शंघाई को-ऑपरेशन ऑर्गेनाइज़ेशन) यही है,शायद अमेरिका अभी मामले की थाह लेना चाहता हो। वे निश्चित रूप से नहीं चाहेंगे कि पाकिस्तान पूरी तरह से चीन के प्रभाव तले खिंच जाए।

और फिर कश्मीर का मामला भी है। एक से अधिक बार हुई भारत-पाकिस्तान-अमेरिका ट्रैक टू बातचीत से यह खुलासा होता है कि यदि भारत जम्मू और कश्मीर में चुनाव करवाए तो शायद पाकिस्तान अनुच्छेद 370 को निरस्त करने पर अपनी अति कठोर आलोचना को नर्म करने और वार्ता में फिर से लौटने को तैयार हो भी जाए। अंदाजा लगाइए कि सितंबर में वहां क्या हो सकता है। तथ्य यह है कि इस्लामाबाद जाने या न जाने का फैसला मोदी को अपने विवेक के आधार पर लेना होगा और यह भी कि इसका घरेलू असर क्या रहेगा। एक तो, यह होने पर अटारी-वाघा में मोमबत्ती जलाने वाले प्रभावशाली लोगों में उनकी साख चमकनी तय है। दूसरे, मोदी जानते हैं कि अपनी स्थिति को लेकर एक आश्वस्त नेता और देश किसी से बात करने से नहीं डरते, खासकर अपने दुश्मनों से। तीसरी बात, महत्वपूर्ण राज्यों के चुनाव नजदीक हैं। अगर वे हरियाणा और महाराष्ट्र में विपक्ष के हाथों हार जाते हैं, तो इससे भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी को राजनीतिक रूप से कोने में और धकेल दिए जाने की भावना बलवती हो जाएगी।

इस तथ्य के अलावा कि अपने दुश्मन के साथ आपकी ईमानदार और आमने-सामने की बातचीत से ही वास्तविक शांति बन पाएगी, कल्पना कीजिए कि यदि मोदी पाकिस्तान चले जाएं, तो उनकी लोकप्रियता में कितनी वृद्धि होगी।

लेखिका 'द ट्रिब्यून' की प्रधान संपादक हैं।

# वर्षा जल को बर्बाद होने से बचाएं

(लेखक- विष्णु अग्रवाल)

मानसून का महीना हर किसी को आत्मिक आनंद से सराबोर करने वाला होता है इस समय नील व्योम काली घटाओं के केन्द से बंद मेघो के माध्यम से वसुधा को अपनी असमी स्वर्णिम जलबूंदो से तरबतर करने को उत्साहित व आतुर दिखाई पड़ता है। शीतलता भरी छुअन घुल जाने से प्राणी जगत को भीषण गर्मी से राहत मिलने लगती है।

भले शहर में मिटटी के लोग बारिश में भीग जाने से कतराते हो, लेकिन गांव में तो आज भी बारिश को एक उत्सव व त्योहार के रूप में मनाने व बिंदास होकर खूब भीग जाने की परम्परा जीवित है। यहां तो बारिश के आगाज के साथ ही नग्गे बदन बच्चो की टोलियां में धमा चौकड़ी मचाती हुई देखी जा सकती है। हम मानसून की मस्ती में इतने भी मशगूल नही हो जाए कि वर्षा जल संचयन को ही भूल जाऐ। हाल के वर्षो मे वर्षा जल संचयन को लेकर व्यक्तिगत प्रयासो में कमी आई है। पहले गांवो में वर्षा जल संचयन परंपरा का एक अभिन्न अंग हुआ करता था। दुनिया के सर्वाधिक बारिश होने वाले क्षेत्रो में भारत भी है, यहां हर वर्ष बर्फ पिघलने ओर वर्षा जल के रूप में औसतन 4000 अरब घनमीटर पानी प्राप्त होता है, जबकि यह देश वर्षा जल का 1869 अरब घनमीटर (मतलब सिर्फ 46 प्रतिशत) पानी का उपयोग कर पाता है, बाकी 54 प्रतिशत पानी व्यर्थ में बहकर नदी-नालो के द्वारा समुद्र में चला जाता है। मणिपुर से भी छोटे इजराइल जैसे देशो में जहां वर्षा का औसत 25 से.मी. से भी कम है, वहां भी जीवन चल रहा है।

वहां जल प्रबंधन तकनीक अति विकसित होकर जल की कमी का आभास नही होने देती, अपितु कृषि से कई बहूमूल्य उत्पादो का निर्यात करके विदेशी मुद्रा अर्जित कर रहा है। बारिश के पानी का विभिन्न स्रोतो व प्रकल्पों व सुरक्षित व संग्रहित रखना व करना वर्षा जल संचयन कहलाता है। वर्षा जल संचयन वर्षा जल के भंडारण को संदर्भित करता है, ताकि जरूरत पड़ने पर बाद में इसका उपयोग किया जा सके। इस तरह व्यपाक जलराशि को एकत्रित करके पानी की किल्लत को कम किया जा सकता है।

भारत में पेयजल संकट एक प्रमुख समस्या है। भूमिगत जल का स्तर लगातार नीचे जा रहा ह और इस वजह से पीने के पानी की किल्लत बढ रही है सिकुडती हरित पटटी इसका मुख्य कारण है। पेड़ों से जहां पर्याप्त मात्रा में वर्षा हासिल होती है वही यही पेड़ भूमिगत जल का स्तर बनाये रखने में भी अहम् भूमिका निभाते है। लेकिन दुत गति से होने वाले विकास कार्यो ने हमारी हरित पटटी की तेजी से बलि ली है उसी का नतीजा है कि न सिर्फ भूमिगत जल का स्तर नीचे गया है, बल्कि वर्षा में भी लगातर कमी आई है। गौरतलब है कि भारत में दो सौ साल पहले लगभग 21 लाख सात हजार तालाब थे। साथ ही लाखो कुंऐ, बावड़ियां झीलें पोखर और झरने भी हमारे देश की गोदी में हजारो नदियां खेलती थी, किन्तु आज से नदिया हजारो में से केवल सैकड़ो में ही बची है। ये सब नदिया कहां गई कोई नही बता सकता है।

जिस भारत में 70 प्रतिशत हिस्सा पानी से घिरा हो यहां आज स्वच्छ जल का उपलब्ध न हो पाना विकट समस्या है। आज देश में करीब 60 करोड़ लोग पानी की गंभीर किल्लत का सामना कर रहे है। करीब दो लाख लोग स्वच्छ पानी न मिलने के चलते हर साल जान गंवा देते है। नीति आयोग द्वारा जारी समग्र जल प्रबंन्धन सूचकांक रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। जिसमें कहा गया है सन 2030 तक देश में पानी की मांग उपलब्ध जल वितरण की दोगुनी हो जायेगी। जिसका मतलब है कि करोड़ों लोगो के लिए पानी का गंभीर संकट पैदा हो जायेगा और देश की जीडीपी में छह प्रतिशत की कमी देखी जायेगी। वर्षा जल संचयन के लिए वर्तमान में कई वैज्ञानिक व परंपरागत विधिया प्रयोग में लायी जा रही है। यहां कुछ ऐसी ही विधियों व प्रणाली का उल्लेख किया जा रहा है, जो वर्षा जल संग्रह में सहायता कर सकती है। यह वर्षा जल संग्रहण की सबसे उत्तम व आसान विधि है। इस विधि से संचित पानी को किसी अन्य माध्यम से स्वच्छ किये बिना ही इसका मानवहित में उपयोग किया जा सकता है। बांध परियोजनाओं का सफल निर्माण बारिश के जल को संग्रहित करने में काफी कारगर सबित हो सकता है। बांध जैसे प्रकल्पों में जलराशि को लंबं समय तक बांधकर इसका उपयोग नहरों के माध्यम से सिंचाई के प्रयोजनों के लिए किया जा सकता है। अगर अब भी हम सचेत नही हुए तो दक्षिण अफ्रीकी शहर केपटाउन की तरह भारत को भी पानी सपने में ही देखने को नसीब होगा हालाकि पूरे विश्व में धरती का लगभग तीन चौथाई भाग जल से घिरा हुआ है, किन्तु इसमें से 97 प्रतिशत पानी खारा है जो पीने योग्य नही है, पीने योग्य पानी की मात्रा सिर्फ 3 प्रतिशत है। इसमें भी 2 प्रतिशत पानी ग्लेशियर एवं बर्फ के रूप में है। इस प्रकार सही मायने में मात्र 1 प्रतिशत पानी ही मानव के उपयोग हेतु उपलब्ध है। ऐसी स्थिति में प्रत्येक मानव का दायित्व बनता है कि वो अपने हिस्सा का पानी पहले से ही संग्रहित करके रखे। राजस्थान के रेगिस्तानी इलाकों और गुजरात के कुछ इलाको ने पारंपरिक रूप से घर के अन्दर भूमिगत टैंक बनाकर जल संग्रह करने का प्रचलन है, इस परम्परा को अन्य राज्यों में लागू कर हम इस गंभीरता को कम कर सकते है। कठोर कानून के द्वारा नदियों में छोड़े जाने वाले अपशिष्ट पर लगाम लगाकर जल प्रदूषण को रोका जा सकता है और वर्षा चक्र को बाधित होने से बचाया जा सकता है।



(स्वतंत्र पत्रकार)

## विचार मंथन

# बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीमकोर्ट का रवैया

(लेखक- सनत जैन/ ईएमएस)


सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को देश भर में बुलडोजर के माध्यम से आरोपियों की संपत्ति को बिना किसी सुनवाई के नष्ट किए जाने पर सुनवाई शुरू कर दी है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश विश्वनाथन और न्यायाधीश बी आर गवई की खंडपीठ ने सुनवाई करते हुए बुलडोजर एक्शन पर नाराजगी जाहिर की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा अगर कोई आरोपी दोषी भी पाया जाता है। उसके बाद भी उसका घर नहीं गिराया जा सकता है। उसके अपराध के लिए जो सजा कानून में निर्धारित है, वही सजा उसे दी जा सकती है। आरोपी के अपराध की सजा उसके बच्चों या परिवार जनों को कैसे दी जा सकती है। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता का, यह कहना कि कानून का उल्लंघन होने पर अवैध निर्माण को गिराया गया है। तुषार मेहता का कहना था, जब निर्माण कार्यों में कानून का उल्लंघन हुआ है, तभी बुलडोजर की कार्रवाई की गई है। उन्होंने यह कहते हुए बुलडोजर एक्शन का बचाव किया। अनधिकृत निर्माण को हटाया गया है। जो कानून संवत है, अवैध निर्माण हटाने से किसी अपराधी को अपराध की सजा नहीं दी गई है। अपराध के मामले में आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा। न्यायालय द्वारा जो सजा दी जाएगी, वह अपराधी पर लागू होगी। यह कहकर उन्होंने बुलडोजर एक्शन का बचाव किया। इस सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट का यह कहना, वह अवैध निर्माण के संरक्षण के पक्षधर नहीं हैं। सुप्रीम कोर्ट बुलडोजर से अवैध निर्माण को हटाने के लिए देश में एक तरह के दिशा-निर्देश देने पर विचार कर रहे हैं। अब इस मामले की सुनवाई 17 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट में होगी। उत्तर प्रदेश में कई वर्षों से बुलडोजर एक्शन हो रहा है। उत्तर प्रदेश में अपराधियों पर नकेल कसने के लिए बुलडोजर से न्याय करने की बात खुद मुख्यमंत्री कई बार सार्वजनिक रूप से कह चुके हैं। उत्तर प्रदेश में किसी भी तरह का अपराध एक विशेष समुदाय के व्यक्ति द्वारा किए जाने पर तत्काल जिला प्रशासन के अधिकारी आरोपी की संपत्ति को अवैध निर्माण बताकर तोड़ देते हैं। इस कार्यवाही से एक समुदाय विशेष के लोगों में आतंक फैलाने की कार्रवाई उत्तर प्रदेश से शुरू हुई थी। अब वह भाजपा शासित राज्यों से होते हुए अन्य राज्यों में पहुंचने लगी है। सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार और राज्य सरकारों की ओर से यह कहा जा रहा है। अवैध निर्माण होने के कारण जिला प्रशासन द्वारा बुलडोजर से अतिक्रमण हटाने की जो कार्यवाही की है, वह न्याय संगत है। जिस तरह की कार्रवाई की जा रही है, यह न्याय पालिका के संज्ञान में भी है। मीडिया में भी बुलडोजर के माध्यम से सरकार द्वारा तत्काल न्याय करने की बात कही जा रही है। यह भी न्यायपालिका के संज्ञान में है। उसके बाद भी यदि उस राज्य की हाईकोर्ट और देश की सुप्रीम कोर्ट मौन धारण करके रखती है। याचिका दायर होने के बाद भी कई महीनों तक उस पर सुनवाई नहीं होती है। उसके बाद यही कहा जा सकता है, नियम और कानून सरकारों एवं प्रशासकीय अधिकारियों पर नहीं होते हैं। नियम कायदे कानून केवल आम जनता के लिए हैं। सरकार जो भी काम करती है। वह नियम से ही करती है। ऐसी स्थिति में भविष्य में न्याय पालिका की जरूरत भी नहीं होगी। यह बात अभी दबे छुपे तरीके से कही जा रही है। जिस तरह से न्यायपालिका का संरक्षण केंद्र सरकार और राज्य सरकारों को मिल रहा है। उसके बाद आम आदमी को न्याय मिलेगा, इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है। भीड़ तंत्र द्वारा जिस तरह से तत्काल न्याय किया जा रहा है। सरकारों और न्यायपालिका की चुप्पी के हजारों मामले देखने को मिल रहे हैं। न्यायपालिका की एक तरह से मोन सहमति माना जा सकता है। भारतीय न्यायपालिका का नया रूप है। पिछले 70 वर्षों में भारतीय न्यायपालिका ने स्वयं संज्ञान लेकर इस तरह के मामलों में नागरिकों के मौलिक अधिकार समय-समय पर संरक्षित किए थे। आपातकाल को मानव अधिकारों के हनन का सबसे बड़ा उदाहरण है। इसका विरोध पिछले 50 वर्षों से किया जा रहा है।

# पेट्रोल-डीजल के भाव में हल्की गिरावट

## तेल कंपनियों ने मंगलवार सुबह पेट्रोल-डीजल के नए भाव जारी कर दिए हैं

**नई दिल्ली ।**

वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आने से पेट्रोल-डीजल की कीमतों पर इसका असर देखने को मिल रहा है। हालांकि देश के 4 महानगरों में तेल की कीमतें स्थिर बनी हुई है जबकि कई बड़े शहरों और राज्यों में हल्का उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। तेल कंपनियों ने मंगलवार सुबह पेट्रोल-डीजल के नए भाव जारी कर दिए हैं। ब्रेंट मामूली गिरावट के साथ 77.11 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है जबकि क्रूड 73.79 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। वहीं दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये और डीजल 89.97 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर और कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये और डीजल 91.76 रुपये प्रति लीटर है। गौतमबुद्ध नगर में



पेट्रोल 94.83 रुपये और डीजल 87.96 रुपये प्रति लीटर हो गया है। गाजियाबाद में पेट्रोल 94.65 रुपये और डीजल 87.75 रुपये प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 94.74 रुपये और डीजल 87.76 रुपये प्रति लीटर हो गया है। इंदौर में पेट्रोल 106.47 रुपये और डीजल 91.87 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। रुपये प्रति लीटर हो गया है।

# सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट



### सोने के वायदा भाव 71,500 रुपए, चांदी 84,400 रुपए के करीब

**नई दिल्ली ।**

सोने के वायदा भाव मंगलवार को तेजी के साथ खुलने के बाद सुस्त पड़ गए, जबकि चांदी के वायदा भाव गिरावट के साथ खुले। सोने के वायदा भाव 71,500 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 84,400 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। वैश्विक बाजार में मंगलवार को सोने-चांदी के वायदा भाव तेज शुरुआत के बाद सुस्त पड़ गए। सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटीएक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अक्टूबर कॉन्ट्रेक्ट 28 रुपये की तेजी के साथ 71,629 रुपये के भाव पर खुला। इस समय यह 112 रुपये की गिरावट के साथ 71,489 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत सुस्त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रेक्ट 296 रुपये की गिरावट के साथ 84,258 रुपये पर खुला। इस समय यह 160 रुपये की नरमी के साथ 84,394 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई लेकिन बाद में इनके भाव में गिरावट देखी जाने लगी। कॉमेक्स पर सोना 2,536 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,527.60 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 2.70 डॉलर की गिरावट के साथ 2,524.90 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 29.24 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 29.14 डॉलर था। इस समय यह 0.32 डॉलर की गिरावट के साथ 28.82 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# नया फ्लिप वन फोन लॉन्च करेगी आईटेल

**नई दिल्ली ।**



भारत में आईटेल अगले महीने नया फ्लिप वन फोन लॉन्च करने जा रही है। ट्रांसन होल्डिंग्स की सहायक कंपनी का पहला फ्लिप-स्टाइल कीपैड फोन लेदर के बैक और पोर्टेबल डिज़ाइन के साथ तीन कलर ऑप्शन में आ सकता है। लॉन्चिंग से पहले कंपनी ने अपने आने वाले फीचर फोन के बारे में कुछ फीचर्स का खुलासा कर दिया है। फोन किस दिन आ रहा है इस बारे में कोई ऑफिशियल जानकारी नहीं मिली है लेकिन ये जरूर कंफर्म कर दिया गया है कि आईटेल फ्लिप वन को सितंबर में पेश किया जाएगा। ये फोन एक नॉन-रिमूवेबल बैटरी के साथ आएगा और इसमें ग्लास-डिज़ाइन वाला कीपैड मिलने की बात कही गई है। इसके साथ ही ये भी मालूम चला है कि फिलप वन 13 भारतीय भाषाओं को सपोर्ट करेगा। ये फोन हल्के और पोर्टेबल डिज़ाइन के साथ आ सकता है। इसके अलावा ये भी सामने आ रहा है कि आईटेल फ्लिप वन को एक-हाथ से इस्तेमाल किया जा सकेगा। बता दें कि आईटेल कंपनी अपने बजट रेंज के प्रोडक्ट को लेकर जानी जाती है। कंपनी के प्रोडक्ट्स किफायत रेंज में पेश किए जाते हैं। फ्लिप फोन कंपनी का पहला ऐसा फोन है। इसके अलाव कंपनी स्मार्टवॉच, स्मार्टफोन टैबलेट, ट्रू वायरलेस स्टीरियो ईयरबड भी पेश करती है।

बता दें कि आईटेल फ्लिप वन कंपनी का पहले फ्लिप कीपैड फोन होगा, और इससे ठीक पहले कंपनी ने अपने फोन आईटेल ए50 और आईटेल ए50सी को कई खास फीचर के साथ पेश किया है। ये फ्लिप फोन यूएसबी टाइप-सी पोर्ट के जरिए ब्लूटूथ कनेक्टिविटी और चार्जिंग के साथ आएगा। इसमें ब्लूटूथ कॉलर सुविधा होने की पुष्टि की गई है और फोन यूज़र्स को अपने स्मार्टफोन कॉन्टैक्ट को सिंक करने और फीचर फोन से सीधे कॉल को अटेंड करने की अनुमति देगा।आईटेल फ्लिप वन में जरूरी इंटरनेट, टेक्स्टिंग, कॉलिंग और कैमरे की सुविधाएं दी जाएंगी।

# एयरटेल 5जी नेटवर्क पर 300 एमबीपीएस अपलोड रफ्तार प्राप्त करने में सफल



**नई दिल्ली ।**

दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल, चिप विनिर्माता मीडियाटेक और स्मार्टफोन कंपनी नोकिया परीक्षणों के दौरान 5जी नेटवर्क पर 300 मेगाबिट प्रति सेकंड (एमबीपीएस) की अपलोड रफ्तार हासिल करने में सफल रही हैं। एक संयुक्त बयान में यह जानकारी दी गई। परीक्षण में नवीनतम पीढ़ी के चिपसेट का इस्तेमाल कर मिड-बैंड स्पेक्ट्रम के एक सेट का संयुक्त उपयोग किया गया था। अपलिंक प्रदर्शन को अधिक करने के लिए एयरटेल की टेक लैब में यह प्रयोग किया गया और 5जी नेटवर्क प्रदर्शन में एक नया मानदंड स्थापित करते हुए 300 एमबीपीएस की अपलिंक रफ्तार हासिल की गई। परीक्षण के दौरान 3.5 गीगाहट्र्ज और 2.1 गीगाहट्र्ज की आवृत्ति के बैंड को जोड़कर अपलोड रफ्तार बढ़ाई गई। इसमें मीडियाटेक के 5जी मोबाइल मंच डाइमेंशन और नोकिया के 5जी एयरस्केल रेडियो उपकरण का इस्तेमाल किया गया। भारती एयरटेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह परीक्षण नेटवर्क के अपलिंक प्रदर्शन को बहुत बढ़ाएगा जिससे डेटा की तेज रफ्तार और बेहतर संपर्क हासिल होगा।

मीडियाटेक के वायरलेस संचार प्रणाली और भागीदारी महाप्रबंधक हो-ची ह्वांग ने कहा कि हम भारत में इस अभूतपूर्व परीक्षण पर सहयोग करके रोमांचित हैं। हमारे मंच ने एयरटेल के नेटवर्क पर अधिकतम रफ्तार हासिल करने में अहम भूमिका निभाई है।

नोकिया इंडिया के एक अधिकारी ने कहा कि इस परीक्षण से बेहतर 5जी नेटवर्क के लिए रास्ता तैयार होगा।

# देश के 185 लोगों की संपत्ति जीडीपी की एक तिहाई

### मुकेश अंबानी 10.5 लाख करोड़ की संपत्ति के साथ सूची में शीर्ष पर

**नई दिल्ली ।**

भारत के सबसे धनी व्यक्तियों की कुल संपत्ति 1 लाख करोड़ डॉलर से ज्यादा 1.19 लाख करोड़ डॉलर (करीब 99.86 लाख करोड़ रुपये) हो चुकी है। फॉर्च्यून इंडिया की रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। सूची में 185 लोगों डॉलर अरबपति का दर्जा दिया गया है यानी उनके पास कम से कम 1 अरब डॉलर की संपत्ति है। फॉर्च्यून इंडिया वाटरफील्ड एडवाइजर्स 2024 रैंकिंग के मुताबिक भारत के अरबपतियों की कुल संपत्ति साल 2022 के 832 अरब डॉलर से 50 फीसदी अधिक हो चुकी है। उस समय भारत में डॉलर अरबपतियों की संख्या 142 थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह वैश्विक आर्थिक चुनौतियों और डॉलर के मुकाबले रुपये में 5 फीसदी तक की गिरावट के बावजूद संपत्ति में उल्लेखनीय इजाफे को दर्शाता है। भारत के डॉलर अरबपतियों की कुल संपत्ति अब भारत के नॉमिनल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 33.81 फीसदी के बराबर हो चुकी है। इस साल डॉलर अरबपतियों की सूची में रोजमर्रा के उपभोग वाली वस्तुएं (एफएमसीजी), फार्मास्युटिकल्स और प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों से **29 नए अरबपति शामिल हुए** जिन्होंने सामूहिक रूप से 4.09 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति अर्जित की है। फॉर्च्यून इंडिया ने कहा है कि रिलायंस समूह के चेयरमैन मुकेश अंबानी 10.5 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ इस सूची में शीर्ष पायदान पर मौजूद हैं। उनके बाद दूसरे पायदान पर अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी हैं।

पिछले सप्ताह हुरुन इंडिया की 2024 की सूची में अदाणी को 11.6 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ एशिया का सबसे अमीर व्यक्ति बताया गया था। इन डॉलर अरबपतियों की संपत्ति बढ़ाने में शेयर बाजार ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अरबपतियों की औसत संपत्ति साल 2022 में 46,729 करोड़ रुपये थी जो बढ़कर साल 2024 में 53,978 करोड़ रुपये हो गई। शीर्ष 10 डॉलर अरबपतियों की सूची में अदाणी और अंबानी के अलावा मिस्त्री परिवार, शिव नादर, राधाकिशन दमानी, सुनील मित्तल और अजीम प्रेमजी मौजूद हैं। जिंदल परिवार की मुखिया एवं जिंदल समूह की चेयरपर्सन सावित्री देवी जिंदल 33.06 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ शीर्ष 10 की सूची में इकलौती महिला हैं और वह चौथे पायदान पर हैं।

# अगस्त में टेस्ला ने चीन में सबसे अधिक ईवी वाहन बेचे





**मुंबई ।** टेस्ला ने कहा कि उसने पिछले महीने दुनिया के सबसे बड़े ऑटो बाजार में 63,000 से अधिक कारें बेचीं, जो जुलाई की तुलना में 37 फीसदी की भारी वृद्धि है, लेकिन संभवतः पिछले साल अगस्त की तुलना में अभी भी कम है, जब उसने 64,694 कारें बेची थीं। अगस्त का महीना टेस्ला के लिए काफी राहत लेकर आया है। टेस्ला की चीन में बिक्री सबसे अच्छी रही है। अमेरिकी इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनी टेल्का को छोटे शहरों में तेजी से बिक्री करने का मौका मिला है, जिससे कंपनी को काफी लाभ हुआ है। इस संबंध में टेस्ला ने भी बयान जारी किया है। टेस्ला ने कहा कि उसने पिछले महीने दुनिया के सबसे बड़े ऑटो बाजार में 63,000 से अधिक कारें बेचीं, जो जुलाई की तुलना में 37 फीसदी की भारी वृद्धि है, लेकिन संभवतः पिछले साल अगस्त की तुलना में अभी भी कम है, जब उसने 64,694 कारें बेची थीं।





# विश्व बैंक का भारत की वृद्धि दर सात फीसदी रहने का अनुमान

**नई दिल्ली ।** कृषि क्षेत्र और ग्रामीण मांग में सुधार की वजह से चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर सात प्रतिशत रहने का अनुमान है। विश्व बैंक की मंगलवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार चुनौतीपूर्ण वैश्विक माहौल के बावजूद भारत की वृद्धि दर मजबूत बनी हुई है। विश्व बैंक ने इंडिया डेवलपमेंट अपडेट रिपोर्ट में कहा` कि भारत जो दक्षिण एशिया क्षेत्र का बड़ा हिस्सा है उसकी वृद्धि दर 2024-25 में सात प्रतिशत रहने की उम्मीद है। इसमें कहा गया है` कि कृषि क्षेत्र में सुधार से उद्योग में आई मामूली गिरावट की आंशिक भरपाई हो जाएगी और सेवाएं मजबूत बनी रहेंगी। कृषि में अपेक्षित सुधार से ग्रामीण मांग में भी सुधार होगा।

# जीई पावर ने नवयुग इंजीनियरिंग कंपनी से किया समझौता

**नई दिल्ली ।** जीई पावर इंडिया ने नवयुग इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड (एनईसीएल) के साथ समझौता कर लिया है। जीई पावर इंडिया ने बीएसई को दी सूचना में बताया कि पूर्ण व अंतिम निपटान के तहत एनईसीएल 31,45,26,287 रुपये की राशि का भुगतान करने पर सहमत हो गई है। इस समझौते के तहत किस्तें तिमाही आधार पर दी जाएगी। अंतिम किस्त 2026 में मिलेगी। कंपनी और एनईसीएल के बीच ईएंडएम (इलेक्ट्रिकल तथा मैकेनिकल) टर्नकी अनुबंध को लेकर मामला निपटाने की कोशिश 2020 से जारी थी। कानूनी कार्यवाही के दौरान दोनों पक्ष विवाद को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाने के लिए एक समझौते पर पहुंचे।

# वी. सतीश कुमार ने संभाली आईओसी अध्यक्ष पद की कमान

**नई दिल्ली ।** देश की प्रमुख तेल कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के नवनियुक्त चेयरमैन वी. सतीश कुमार ने अब कमान संभाल ली है। उन्होंने पदभार ग्रहण कर` लिया है। आईओसी के लिए पूर्णकालिक चेयरमैन मिलने में देरी के बाद कंपनी में विपणन निदेशक वी. कुमार को चेयरमैन का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। उनके पदभार ग्रहण करने को लेकर हाल ही में कंपनी ने अधिकारिक बयान भी जारी किया है। कंपनी ने कहा कि विपणन निदेशक वी. सतीश कुमार ने कंपनी के अध्यक्ष पद अतिरिक्त कार्यभार संभाल लिया। वे पूर्व की जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए अब कंपनी के अध्यक्ष के रूप में भी काम करेंगे वे विपणन निदेशक के पद पर अक्टूबर 2021 से हैं। उन्होंने अक्टूबर 2022 से एक वर्ष की अवधि के लिए निदेशक (वित्त) का अतिरिक्त प्रभार भी संभाला।

# रियलमी का रियलमी नोट 60 बजट फोन लॉन्च

**नई दिल्ली ।** चाइनीज कंपनी रियलमी ने एक और बजट फोन रियलमी नोट 60 लॉन्च किया है। ये बता दें कि इस फोन को फिलहाल इंडोनेशिया में पेश किया गया है, लेकिन इसकी तेज चर्चा को देख कर ऐसा लगता है कि भारत में भी इस फोन को कुछ दिन में लॉन्च कर दिया जाएगा। कंपनी ने रियलमी नोट 60 के बेस वेरिएंट 4जीबी रैम + 64जीबी स्टोरेज वेरिएंट की कीमत आईडीआर 13,99,000 (लगभग 7,500 रुपये) रखी है। वहीं इसके 6जीबी + 128जीबी और 8जीबी + 256जीबी रैम और स्टोरेज ऑप्शन की कीमत आईडीआर 15,99,000 (लगभग 8,500 रुपये) और आईडीआर 18,99,000 (लगभग 10,000 रुपये) है। इस फोन को मार्बल ब्लैक और वॉयेज ब्लू कलर ऑप्शन में उपलब्ध कराया जाएगा। रियलमी नोट 60 में 90 एचझेड रिफ्रेश रेट, 180 एचझेड टच सैंपलिंग रेट और 560 नीटस पीक ब्राइटनेस के साथ 6.74-इंच का एलसीडी डिस्प्ले दिया जाता है। ये 8जीबी रैम और 256जीबी स्टोरेज के साथ ऑक्टा-कोर यूनिसोक टी 612 चिपसेट पर काम करता है। इसमें वर्चुअल रैम का ऑप्शन भी मिलता है, जिसके तहत इसकी स्टोरेज को 16जीबी तक बढ़ाया जा सकता है। ये फोन एंड्रॉयड 14 पर बेस्ड रियलमी यूआई पर काम करता है और इसमें एक मिनी कैप्सूल फीचर मिलता है जो सेल्फी कैमरा कटआउट के आसपास नोटफिकेशन दिखाता है। कैमरे के तौर पर रियलमी नोट 60 में एआई सपोर्ट वाला कैमरा सेटअप दिया गया है। इस लेटेस्ट फोन में एफ/1.8 अपर्चर वाला 32-मेगापिक्सल का प्राइमरी सेंसर है। इसके अलावा वीडियो कॉलिंग और सेल्फी के लिए फोन के फ्रंट में 5 मेगापिक्सल का सेंसर मिलता है। फोन को कंपनी ने यूनिसोक टी 612 चिपसेट, 8जीबी स्टोरेज और 5,000 एमएएच की बैटरी जैसे फीचर्स के साथ पेश किया है, और इसमें रियलमी मिनी कैप्सूल 2.0 फीचर भी मिलता है।

# हल्की बढ़त के बाद फिसले शेयर बाजार

## – सेंसेक्स 82,650 पर और निफ्टी 25,300 के स्तर पर

**मुंबई ।**

एशियाई बाजारों से मिलेजुले संकेतों के बीच मंगलवार के कारोबारी दिन भारतीय बेंचमार्क इंडेक्स बीएसई सेंसेक्स और निफ्टी 50 मामूली बढ़त के साथ खुले।

शुरुआत में बीएसई सेंसेक्स 0.11 फीसदी की तेजी के साथ 82,652.69 पर था, जबकि निफ्टी 50 0.14 फीसदी की तेजी के साथ 25,313 पर था। हालांकि थोड़ी ही देर में शेयर बाजार ने अपनी तेजी को खो दिया और यह लाल निशान में फिसला गया। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा मोटर्स का शेयर टॉप गेनर था जबकि बजाज फाइनेंस के शेयर में सबसे बड़ी गिरावट देखने को मिल रही है। वहीं निवेशकों की नजर अदाणी ग्रीन एनर्जी पर भी टिकी हुई है। कंपनी दरअसल फ्रांस की टोटल एनर्जीज के साथ संबंधों को गहरा करने की योजना बना रही है। गिफ्ट निफ्टी सुबह 25,365.5



अंक पर कारोबार कर रहा था, जो यह दिखाता है कि एनएसई निफ्टी 50 अपने पिछले बंद 25,278.7 से अधिक खुलेगा। वहीं भारतीय शेयर बाजार के बेंचमार्क इंडेक्स पिछले सत्र में ऑल टाइम हाई लेवल पर पहुंच गए थे। निफ्टी 50 ने लगातार रिकॉर्ड 13वे दिन तेजी दर्ज की है।

बीएसई सेंसेक्स 194.07 अंक की बढ़त के साथ 82,559.84 के लेवल पर बंद हुआ। जबकि निफ्टी 50 42.80 अंक की बढ़ोतरी के साथ 25,278.70 के लेवल पर बंद हुआ।

वहीं एशियाई शेयरों में नरमी देखी जा रही है। निवेशकों की नजर अमेरिका में डेटा-पैक सप्ताह पर है, जो यह निर्धारित कर सकता है कि इस महीने अपेक्षित फेडरल रिजर्व दर में कटौती नियमित होगी या सुपर-आकार की होगी। रिन्यूएबल एनर्जी फर्म अदानी ग्रीन एनर्जी और फ्रांस की तेल प्रमुख कंपनी टोटलएनर्जीज 44 करोड़ डॉलर के निवेश के साथ एक नया जॉइंट वेंचर बनाने जा रही है।

ऐसे में निवेशकों की नजर अदाणी ग्रीन के शेयर पर टिकी हुई है।

# सिट्रोन इंडिया की कूप एसयूवी बसाल्ट की डिलीवरी शुरू

**नई दिल्ली ।**

भारत में सिट्रोन इंडिया ने अपनी कूप एसयूवी बसाल्ट की डिलीवरी शुरू कर दी है। सिट्रोन बसाल्ट को भारतीय बाजार में 7.99 लाख रुपये की शुरूआती एक्स-शोरूम कीमत पर उतारा गया है। वहीं इसके टॉप वेरिएंट की कीमत 13.83 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) तक जाती है। इस कार के लॉन्च से भारत में सिट्रोन की स्थिति बेहतर होने की उम्मीद भी की जा रही है। सिट्रोन बसाल्ट का सीधा मुकाबला टाटा कर्व से होने वाला है, जिसे आगामी 2 सितंबर को लॉन्च किया जाएगा। रिपोर्ट्स की मानें तो टाटा कर्व 10 लाख रुपये में लॉन्च हो सकती है और यह बसाल्ट से महंगी होने वाली है। कंपनी ने बसाल्ट का फ्रंट एंड सिट्रोन सी 3 एयरक्रॉस के जैसा रखा है। इसमें समान स्टाइल वाले डीआरएलएस, हेडलैंप क्लस्टर, ग्रिल और फ्रंट में एयर इनटेक की प्लेसमेंट भी समान है। बसाल्ट का डिजाइन देखते ही पता चल जाता है कि यह एक कूप एसयूवी है। इसमें एक कूप रूफलाइन दी गई है, जो बी-पिलर से नीचे की ओर एक इनबिल्ट स्पॉइलर लिप के साथ जुड़ जाती है। कार के ऊंचे वैरिएंट्स में 16-इंच के डायमंड-कट एलॉय व्हील्स दिए हैं। इसके इंटीरियर लेआउट में आपको सी3 एयरक्रॉस जैसी झलक देखने को मिलती है, जिसमें इसके डैशबोर्ड डिजाइन और 10.25-इंच सेंट्रल टचस्क्रीन जैसे एलिमेंट लिए गए हैं। एयरक्रॉस के विपरीत इसमें 7.0-इंच का फुली डिजिटल इंस्ट्रूमेंट डिस्प्ले मिलता है। इसमें पीछे की सीटों के लिए एडजस्टेबल अंडर-थाई सपोर्ट है। बसाल्ट में 15-वाट वायरलेस फोन चार्जर, वायरलेस एंड्रॉइड ऑटो और एपल कारप्ले और कनेक्टेड कार टेक्नोलॉजी भी दी है। इसके इंजन की बात करें इसमें दो पेट्रोल इंजन के ऑप्शन दिए गए हैं।पहला एक नैचुरली एस्पिरेटेड 1.2 लीटर पेट्रोल इंजन है, जो 81 बीएचपी और 115 एनएम का टॉर्क देता है। यह केवल 5-स्पीड मैनुअल गियरबॉक्स के साथ उपलब्ध है। बसाल्ट में दूसरा 1.2-लीटर टर्बो-पेट्रोल इंजन है, जो 108 बीएचपी पॉवर और 195 एनएम टॉर्क जनरेट करता है। यह 6-स्पीड मैनुअल या 6-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन के साथ आता है। भारत में इसका



मुकाबला टाटा कर्व के साथ मारुति ग्रैंड विटारा, होंडा एलिवेट, किआ सेल्टोस, हुंडई क्रेटा जैसे मॉडल से होगा।बता दें कि अब तक भारत में मर्सिडीज, ऑडी और बीएमडब्ल्यू जैसी लग्जरी कार बनाने वाली कंपनियों की महंगी कूप एसयूवीज की उपलब्ध थी,

लेकिन सिट्रोन भारतीय ग्राहकों को एक किफायती विकल्प दे दिया है।

# ब्रिगेड एंटरप्राइजेज ने 1,500 करोड़ जुटाने क्यूआईपी जारी किया





**नई दिल्ली ।** बेंगलुरु स्थित ब्रिगेड एंटरप्राइजेज ने कारोबार के विस्तार की अपनी रणनीति के तहत संस्थागत निवेशकों को शेयर बेचकर 1,500 करोड़ रुपये तक जुटाने की योजना बनाई है। कंपनी ने धन जुटाने के लिए दो सितंबर को पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) जारी किया। ब्रिगेड एंटरप्राइजेज ने सोमवार देर रात शेयर बाजार को दी सूचना में बताया` कि निदेशकों की एक समिति ने क्यूआईपी निर्गम की अनुमति दे दी है। समिति ने क्यूआईपी के लिए 1,164.70 रुपये प्रति शेयर के फ्लोर प्राइस को भी मंजूरी दे दी। ब्रिगेड एंटरप्राइजेज ने मार्च में 1,500 करोड़ रुपये तक की प्रतिभूतियां जारी कर धन जुटाने के लिए शेयरधारकों से मंजूरी ली थी। ब्रिगेड एंटरप्राइजेज देश के अग्रणी रियल एस्टेट डेवलपर में से एक है जिसकी दक्षिण भारत में अच्छी उपस्थिति है।

# ई-श्रम पोर्टल पर तीन साल में 30 करोड़ श्रमिकों ने कराया पंजीयन





**नई दिल्ली ।** असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के राष्ट्रीय डेटाबेस पोर्टल ई-श्रम ने तीन साल में 30 करोड़ पंजीकरण कर लए हैं। श्रम मंत्रालय ने बयान में कहा कि यह उपलब्धि सामाजिक प्रभाव और देशभर में असंगठित श्रमिकों को समर्थन देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को उजागर करती है। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने 26 अगस्त, 2021 को ई-श्रम पोर्टल की शुरुआत की थी। बयान के मुताबिक शुरू होने के तीन साल के भीतर इस पोर्टल पर 30 करोड़ से अधिक असंगठित श्रमिकों को पंजीकृत किया जा चुका है। इससे पता चलता है कि असंगठित श्रमिक इसे तेजी से और व्यापक रूप से अपना रहे हैं। सरकार देश के असंगठित श्रमिकों के लिए एकमुश्त समाधान मंच के तौर पर ई-श्रम पोर्टल को स्थापित करना चाहती है। वित्त वर्ष 2024-25 के बजट भाषण में ई-श्रम पोर्टल को अन्य पोर्टल के साथ व्यापक रूप से एकीकृत कर एकमुश्त समाधान सुविधा के रूप में स्थापित करने की बात कही गई।

क्रांति समय
Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# ‘सिक्सर किंग’ प्रियांश आर्य ने अपने पसंदीदा क्रिकेटर का किया खुलासा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के उभरते सितारे प्रियांश आर्य ने हाल ही में दिल्ली प्रीमियर लीग में एक ओवर में छह छक्के जड़कर सुर्खियां बटोरीं। 18 नंबर की जर्सी पहनने वाले आर्य ने विराट कोहली को अपना पसंदीदा खिलाड़ी और अपना आदर्श बताया। भारत के इस स्टार बल्लेबाज ने हमेशा युवा पीढ़ी के क्रिकेटरों को प्रभावित किया है, जो उनकी तरह भारतीय क्रिकेट में योगदान देना चाहते हैं। आर्य भी इससे अलग नहीं थे, उन्होंने कोहली की आक्रामक शैली के प्रति अपनी प्रशंसा और उसी शैली को अपनाने के अपने लक्ष्य के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने आईपीएल में आरसीबी के लिए खेलने की इच्छा भी जताई।

प्रियांश ने कहा, ‘विराट कोहली मेरे पसंदीदा हैं, मैं आरसीबी के लिए खेलना चाहता हूं। मेरी पसंदीदा टीम आरसीबी है, मैं विराट कोहली का बहुत मुरीद हूं, मुझे उनकी आक्रामकता पसंद है। मुझे आक्रामक क्रिकेट खेलना भी पसंद है। वह मेरे आदर्श हैं।’ 23 वर्षीय प्रियांश आरसीबी को अपना पहला आईपीएल खिताब दिलाने में योगदान देना चाहते थे क्योंकि यह प्रतिष्ठित ट्रॉफी 17 साल से अधिक समय से फ्रेंचाइजी से दूर थी।

### प्रियांश ने एक ओवर में छह छक्के लगाए

प्रियांश ने अपनी शानदार बल्लेबाजी से डीपीएल में तूफान मचा दिया और वर्तमान में नौ पारियों में 602 रन बनाकर शीर्ष रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। वह नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स के खिलाफ साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स के लिए खेलते हुए एक ओवर में 6 छक्के लगाने वाले दुर्लभ क्लब में नए खिलाड़ी बन गए। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने 12वें ओवर में बाएं हाथ के स्पिनर मनन भारद्वाज पर छक्कों की बौछार कर दी। उन्होंने टूर्नामेंट में अपना दूसरा शतक बनाया और 50 गेंदों पर 120 रन बनाए।

उन्होंने खुलासा किया, ‘मेरे दिमाग में यह बात थी कि अगर कोई बाएं हाथ का स्पिनर गेंदबाजी करने आता है, तो मैं उस पर आक्रमण करूंगा। चौथे छक्के के बाद मुझे विश्वास होने लगा कि मैं छह छक्के लगा सकता हूं और इसके लिए मैं तैयार हूं। आयुष ने मेरा समर्थन किया और मुझे आगे बढ़ने के लिए कहा।’

### रिकॉर्ड तोड़ने वाली साझेदारी

दिल्ली सुपरस्टार के कप्तान आयुष बदोनी उनके साथी थे जिन्होंने 55 गेंदों पर 165 रन बनाए और आर्य के साथ 286 रनों की रिकॉर्ड-तोड़ साझेदारी की। उनकी साझेदारी की मदद से टीम ने बोर्ड पर 308 रन बनाए और जवाब में उत्तरी दिल्ली केवल 196 रन ही बना सकी। उन्होंने कहा, ‘बदोनी काफी शांत हैं और ज्यादा बात नहीं करते, बस हमें खुद को अभिव्यक्त करने के लिए कहते हैं। टीम का माहौल शांत है, कोच नकारात्मक के बजाय सकारात्मक चीजों के बारे में बात करते हैं। मानसिकता ट्रॉफी जीतने की है।’



# विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल की तारीखों का ऐलान, लॉर्ड्स में खेला जाएगा खिताबी मुकाबला



**दुबई (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को घोषणा की कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के तीसरे चक्र का फाइनल अगले साल 11 से 15 जून के बीच प्रतिष्ठित लॉर्ड्स में खेला जाएगा। आईसीसी ने इस मैच के लिए 16 जून को रिजर्व दिवस रखा है।

आईसीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ज्योफ एलार्डिस ने एक बयान में कहा, ‘आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल क्रिकेट कैलेंडर में सबसे अहम मुकाबले में से एक बन गया है और हमें 2025 सत्र की तारीखों की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है।’ लॉर्ड्स पहली बार डब्ल्यूटीसी फाइनल की मेजबानी करेगा। इससे पहले साउथेम्प्टन (2021) और ओवल (2023) पिछले दो खिताबी मुकाबलों की मेजबानी की थी। भारत उन दोनों फाइनल मैचों का हिस्सा था। टीम को 2021 में न्यूजीलैंड जबकि पिछले साल ऑस्ट्रेलिया ने हराया था।

रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया से आगे तालिका में शीर्ष स्थान पर है। डब्ल्यूटीसी फाइनल की दौड़ में अपनी स्थिति मजबूत करने के इरादे से भारत इस साल के अंत में पांच मैचों की श्रृंखला में ऑस्ट्रेलियाई टीम से भिड़ेगा। न्यूजीलैंड (तीसरे), इंग्लैंड (चौथे), दक्षिण अफ्रीका (पांचवें) और बांग्लादेश (छठे) और श्रीलंका (सातवें) स्थान के साथ फाइनल में पहुंचने की दौड़ में है। पाकिस्तान को हालांकि बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में 0-2 से शिकस्त झेलने के बाद बड़ी निराशा का सामना करना पड़ा है। इस तालिका में पाकिस्तान आठवें और वेस्टइंडीज सबसे नीच नौवें पायदान पर है।

# अब भारत बनाम बांग्लादेश के बीच टक्कर, कप्तान नजमुल शंटो ने रोहित शर्मा को चेताया, जानें क्या कहा?

**स्पोर्ट्स डेस्क ।** पाकिस्तान को दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-0 से रौंदने के बाद बांग्लादेश टीम का आत्मविश्वास सातवें आसमान पर है। अब 19 सितंबर से बांग्लादेश को भारत में दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है और बांग्लादेश के कप्तान नजमुल शंटो को उम्मीद है कि उनकी टीम भारत में दमदार प्रदर्शन करेगी।



बांग्लादेश ने पाकिस्तान के खिलाफ पहला टेस्ट मैच 10 विकेट से अपने नाम किया था। दूसरा टेस्ट मैच 6 विकेट से जीत लिया। रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम पर खेले गए दोनों मैच में पाकिस्तान ने क्रिकेट के तीनों डिपार्टमेंट में बांग्लादेश से बेकार प्रदर्शन किया और इसका असर सीरीज के रिजल्ट पर भी साफ नजर आया।

पाकिस्तान के खिलाफ ऐतिहासिक टेस्ट सीरीज जीतने के बाद पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन में नजमुल ने कहा कि, ये जीत हमारे लिए बहुत मायने रखती है, जिससे शब्दों में बयां कर पाना मुश्किल है। सच में बहुत खुश हूं। हम यहां जीत की तलाश में थे, और इस बात से बहुत खुश हूं कि सबने अपनी जिम्मेदारी को पूरी तरह से निभाया

शंटो ने आगे कहा कि, हमारे पेसर्स का वर्क एथिक्स बेहतरा था यही वजह है कि हमें ऐसा रिजल्ट मिला। हर कोई खुद से ईमानदार था और सबको जीत चाहिए थी।

भारत के खिलाफ सीरीज को लेकर शंटो ने कहा कि, अगली सीरीज हमारे लिए बहुत ज्यादा अहम है। इस जीत से हमारा आत्मविश्वास बढ़ा है। मुशफिकुर रहीम और शाकिब अल हसन को काफी ज्यादा अनुभव है, भारत में ये दोनों बहुत अहम होंगे। मेहंदी हसन मिराज ने जिस तरह से गेंदबाजी की और पांच विकेट चटकाए वह काफी ज्यादा इम्प्रेसिव था। उम्मीद है कि भारत के खिलाफ भी ऐसा करेगा।

# बॉर्डर-गावस्कर सीरीज भारतीय टीम जीतेगी : गावस्कर

**मेलबर्न (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान एलन बोर्डर के नाम से होने वाली बॉर्डर-गावस्कर सीरीज 2025 को लेकर कई दिग्गजों ने प्रतिक्रियाएं दी हैं। अब इसी को लेकर गावस्कर ने कहा है कि ये सीरीज रोमांचक रहेगी पर भारतीय टीम इसे 3-1 से जीतेगी। गावस्कर ने कहा कि, ये निश्चित रूप से एक रोमांचक सीरीज होगी, क्योंकि दोनों टीमों के पास बेहतरीन प्रतिभाएं है और ये भी दिखाएगा कि टेस्ट मैच क्रिकेट किस कारण से सर्वश्रेष्ठ प्रारूप है। मेरी भविष्यवाणी है कि भारतीय टीम इसमें 3-1 से जीतेगी। भारतीय टीम ने इससे पहले पिछली दो टेस्ट सीरीज ऑस्ट्रेलिया में जीती थी। इसके अलावा पिछले एक दशक में भारत ने चार बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉपी जीती हैं। जिससे के कारण भी मेजबान टीम पर मनोवैज्ञानिक दबाव होगा।



गावस्कर ने ये भी बताया है कि ऑस्ट्रेलिया की कमजोरी क्या है। उन्होंने साथ ही कहा कि डेविड वॉर्नर के संन्यास के बाद उनकी सलामी जोड़ी को लेकर समस्याएं बढ़ गयी हैं और मध्यक्रम भी अभी लय में नजर नहीं आ रहा रहा है। इस पूर्व कप्तान के अनुसार इसके बाद भी ऑस्ट्रेलियाई टीम की चुनौती को कमजोर नहीं माना जा सकता है क्योंकि उसे अपने घरेलू हालातों का लाभ मिलेगा।

# भाग्यश्री एफ34 महिला गोला फेंक में पदक से चूकी

पेरिस । भारत की भाग्यश्री जाधव मंगलवार को यहां पैरालंपिक की महिला गोला फेंक (एफ34) स्पर्धा के फाइनल में पांचवें स्थान पर रहीं। पैरालंपिक में दूसरी बार हिस्सा ले रही भाग्यश्री ने गोले को 7.28 मीटर की दूरी तक फेंका लेकिन यह पोडियम पर जगह दिलाने के लिए नाकाफी था। चीन की लिजुआन झोउ ने 9.41 मीटर के सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि पोलैंड की लुसीना कोर्नोबीस ने 8.33 मीटर के प्रयास से रजत पदक अपने नाम किया। महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले की रहने वाली 39 साल की भाग्यश्री 2006 में दुर्घटना के बाद अपने पैरों का इस्तेमाल नहीं कर पाई। इस घटना के बाद वह अवसाद में चली गईं थी और परिवार तथा मित्रों के उत्साहवर्धन के बाद पैरा खेलों से जुड़ी। एफ34 वर्ग के खिलाड़ियों को हाइपरटोनिया (कठोर मांसपेशियां), एटैक्सिया (खराब मांसपेशी नियंत्रण) और एथेटोसिस (अंगों या धड़ की धीमी गति) सहित समन्वय संबंधी कमियों से निपटना पड़ता है।




# द्रविड़ के बेटे समित इस कारण नहीं खेल पायेंगे अंडर-19 विश्वकप



मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ के बेटे समित द्रविड़ को अंडर-19 क्रिकेट टीम में शामिल किया गया है। अब उनके पास ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली सीरीज में बेहतर प्रदर्शन का अवसर है। समित को इस साल की शुरुआत में कर्नाटक की ओर से कूच बिहार ट्रॉफी में अच्छे प्रदर्शन के बाद टीम में जगह मिली थी। इसके बाद भी उनके अंडर 19 विश्व कप 2026 में खेलने की संभावना नहीं है। इसका कारण है कि समित इसी महीने बाद 19वां जन्मदिन मनाएंगे। ऐसे में जब बीसीसीआई के चयनकर्ता 2026 में विश्वकप के लिए अंडर-19 टीम का चयन करेंगे तब तक उनकी उम्र लगभग 21 वर्ष हो जाएगी। इसी वजह से वह अंडर 19 वर्ल्ड कप में नहीं खेल सकेंगे। समित हालांक इंडिया अंडर 19 टीम के लिए 3 मैचों की एकदिवसीय सीरीज खेलेंगे। इसका आयोजन 21, 23 और 26 सितंबर को होगा। यह सीरीज पुडुचेरी में खेली जाएगी। समित अभी महाराजा टी20 ट्रॉफी में खेल रहे हैं। इस टूर्नामेंट का आयोजन कर्नाटक में हो रहा है। समित अभी मैसूर वॉरियर्स की ओर से खेल रहे हैं। उन्होंने इसमें जमकर रन बनाये हैं। उनका स्ट्राइक रेट 114 का रहा है. हालांकि इस दौरान उन्हें गेंदबाजी का मौका नहीं मिला। समित मध्यम गति से तेज गेंदबाजी भी करते हैं। घरेलू चार दिवसीय कूच बिहार ट्रॉफी में समित ने कर्नाटक की ओर से खेलते हुए 8 मैचों में 362 रन बनाने के साथ साथ 16 विकेट लिए थे। समित अभी इंडिया अंडर 19 टीम के लिए 3 मैचों की एकदिवसीय सीरीज खेलेंगे। इसका आयोजन 21, 23 और 26 सितंबर को होगा।

## 34 साल के हुए शमी को मिली प्रशंसकों और साथियों से बधाई



मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी आज 34 साल के हो गये। उन्हें इस अवसर पर प्रशंसकों और साथी खिलाड़ियों से बधाई मिली है। साल 2013 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण के बाद से शमी ने पिछले एक दशक में अपने प्रदर्शन से तीनो ही प्रारुपों में अपनी जगह बनायी है। शमी अपनी गति के साथ ही अपनी यार्कर के कारण भी प्रभावी रहे हैं। शमी ने एकदिवसीय विश्वकप में भी शानदार प्रदर्शन किया था। शमी के नाम टेस्ट में 229, एकदिवसीय में 195 और टी20 में 24 विकेट हैं। वह आज के दौर में सबसे सफल गेंदबाजों में से एक हैं। टेस्ट डेब्यू में ही शमी ने पांच विकेट लिए थे। गत वर्ष हुए एकदिवसीय विश्वकप में शमी ने भारत की ओर से सबसे अधिक विकेट लिए थे। वह चेतन शर्मा के बाद विश्व कप में हैट्रिक लेने वाले केवल दूसरे भारतीय गेंदबाज हैं। उन्होंने 2019 विश्वकप में अफगानिस्तान के खिलाफ लगातार तीन विकेट लिए थे। शमी के नाम एकदिवसीय विश्वकप में 50 से अधिक विकेट हैं। उन्होंने आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स, दिल्ली कैपिटल्स, पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटन्स की ओर से खेला है। इसमें 110 मैचों में उनके नाम 127 विकेट हैं। उनके नाम 2023 आईपीएल में सबसे अधिक विकेट के लिए पर्पल कैप भी है।

# बांग्लादेश ने दूसरे टेस्ट में पाकिस्तान को हराया, सीरीज में 2-0 से दर्ज की ऐतिहासिक जीत

**स्पोर्ट्स डेस्क (एजेंसी)।** बांग्लादेश ने पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 6 विकेट से जीत दर्ज करते हुए 2-0 से ऐतिहासिक सीरीज जीत अपने नाम की। इससे पहले बांग्लादेश ने पाकिस्तान को पहले टेस्ट में हराकर पाकिस्तान के खिलाफ पहली बार टेस्ट मैच जीता था।

पाकिस्तान ने 5वें दिन दो शुरुआती विकेट लेकर अच्छी शुरुआत की। हालांकि बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो और मोमिनुल हक ने पाकिस्तान की जीत के दरवाजे बंद कर दिए और लंच तक मेहमान टीम को जीत के लिए सिर्फ 63 रन चाहिए थे। इसके बाद पाकिस्तान ने दूसरे सत्र में दो विकेट चटकाए लेकिन मुशफिकुर रहीम और शाकिब अल हसन के आक्रामक शॉट की बदौलत ऐतिहासिक हार से बचने की उनकी संभावना खत्म हो गई।




इससे पहले तेज गेंदबाज हसन महमूद और नाहिद राणा ने सोमवार को रावलपिंडी में बांग्लादेश को जीत दिलाने के लिए 9 विकेट लिए। हसन ने 5/43 का स्पैल फेंका जबकि राणा ने 44 रन देकर 4 विकेट अपने नाम करते हुए पाकिस्तान की दूसरी पारी को 172 पर रोक दिया। सलामी बल्लेबाज जाकिर हसन और शादमान इस्लाम ने बिना किसी नुकसान के 42 रन बनाए, जिसमें जाकिर ने दो छक्के और दो चौके लगाए इससे पहले बारिश के बादल छा गए और खराब रोशनी के कारण चाय के ब्रेक के एक ओवर बाद खेल स्थगित कर दिया गया।

पहले टेस्ट में बांग्लादेश की जीत पाकिस्तान में लंबे समय तक क्रिकेट में उनकी पहली जीत थी। यह किसी भी टेस्ट मैच में उनकी पहली 10 विकेट की जीत भी थी। उन्होंने घर से बाहर केवल दो सीरीज़ जीती हैं - 2009 में वेस्टइंडीज के खिलाफ और 2021 में जिम्बाब्वे के खिलाफ और जीत हासिल करने के लिए मंगलवार को अंतिम दिन 143 रन की जरूरत थी।


# पाकिस्तानी पहलवान पर प्रतिबंध, राष्ट्रमंडल खेलों का पदक छीना गया

कराची। पाकिस्तान के पहलवान अली असद पर शक्ति वर्धक दवाओं के सेवन के लिए चार साल का प्रतिबंध लगाया गया है और राष्ट्रमंडल खेलों में जीता गया उनका कांस्य पदक छीन लिया गया है। पाकिस्तान कुश्ती महासंघ ने पुष्टि की कि अली असद पर न केवल चार साल के लिए प्रतिबंध लगाया गया है, बल्कि उनका कांस्य पदक भी छीन लिया गया है, जो उन्होंने 2022 में बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में जीता था। महासंघ के एक अधिकारी ने कहा, ‘अंतरराष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (आईटीए) की जांच से पता चला है कि उन्होंने इस प्रतियोगिता के दौरान शक्ति वर्धक दवाइयां ली थी।’ आईटीए की जांच के बाद इस सप्ताह असद पर चार साल का प्रतिबंध लगाने और राष्ट्रमंडल खेलों का उनका पदक छीनने का फैसला किया गया।



# क्रिस्टियाना रोनाल्डो ने संन्यास लेने की अटकलों पर दिया बयान

लिस्बन । पुर्तगाल के फारवर्ड क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने निकट भविष्य में संन्यास लेने के संन्यास लेने की अटकलो को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि वह यूरोप कप के बाद हो रही अपनी आलोचनाओं को लेकर चिंतित नहीं है। उन्होंने ऐसी अटकलो को भी खारिज किया जिनमें कहा गया है कि वह निकट भविष्य में अपना अंतरराष्ट्रीय करियर समाप्त करने पर विचार कर रहे हैं। रोनाल्डो ने कहा, ‘यह सब प्रेस से है। मेरे दिमाग में यह बात कभी नहीं आई कि मेरा पुर्तगाल की टीम के साथ समय समाप्त हो गया है।’ इसके ठीक विपरीत इसने मुझे ईमानदार बने रहने के लिए और भी अधिक प्रेरणा दी।’ उन्होंने कहा, ‘हमारी प्रेरणा राष्ट्रीय टीम में शामिल होकर नेशन लीग जीतने की है। हम इसे एक बार पहले ही जीत चुके हैं और हम ऐसा फिर करना चाहते हैं। मैं एक ही बात बार-बार कह सकता हूं, लेकिन मैं दीर्घकालिक नहीं सोचता, यह हमेशा अल्पकालिक होता है।’ पुर्तगाल गुरुवार को नेशंस लीग के अपने पहले मैच में क्रोएशिया की मेजबानी करेगा। रविवार को लीग ए ग्रुप वन में स्कॉटलैंड से मुकाबला होगा। मैनेजर रॉबटर मार्टिनेज ने दो मैचों के लिए रोनाल्डो को टीम में शामिल किया है।



# सीके नायडू ट्रॉफी में बदलावों से होगा लाभ : भरत अरूण

**मुम्बई (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय गेंदबाजी कोच भरत अरूण ने कहा है कि किसी भी बदलाव को आसानी से स्वीकार नहीं किया जाता है और उसके साथ ही कई चुनौतियां भी आती हैं। उन्होंने कहा कि कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी में टॉस हटाने का फैसला भी लाभप्रद हो सकता है। इसका कारण है कि घरेलू टीम जो विकेट तैयार करती है, वह सही होगा क्योंकि वे नहीं चाहेंगे कि विरोधी टीम को कोई लाभ मिले। इसलिए मुझे लगता है कि निष्पक्ष विकेट होंगे। नये नियम के तहत अब अब पहले बल्लेबाजी या गेंदबाजी का फैसला मेहमान टीम के हाथ में रहेगा।

अरुण ने कहा, यह कुछ ऐसा है जिसके लिए हमें इंतजार करना होगा और देखना होगा। हमने पहले ऐसा नहीं किया है। हमें इंतजार करना होगा और देखना होगा कि यह बदलाव कितना बेहतर रहता है। हर बदलाव अपनी चुनौतियों के साथ आता है। बदलाव के कुछ अच्छे जबकि कुछ नुकसानदेह पक्ष रहते हैं। हमें वास्तव में इंतजार करना होगा और देखना होगा कि यह कैसे सामने आता है।



अंडर-23 प्रतियोगिता की नई संशोधित अंक प्रणाली में पहली पारी में टीमों की बल्लेबाजी और गेंदबाजी के लिए अतिरिक्त अंक शामिल हैं। अरुण ने इसी को लेकर कहा, अंक प्रणाली में आए सभी बदलावों के साथ, वे यह देखने की पूरी कोशिश कर रहे हैं कि वे इसे और अधिक प्रतिस्पर्धी कैसे बनाया जा कसता है। जिससे कि अधिक से अधिक परिणाम मिलें। यह खेल के लिए काफी अच्छा है। मुझे लगता है कि पहले कई टीमें ड्रॉ के लिए खेलती थीं या फिर एक तरफ से खेलकर नकारात्मक लाइन पर गेंदबाजी करती थीं। यह सब अब समाप्त होगा और सभी को सकारात्मक खेल खेलना होगा।

# मीठे से की तौबा, रातों को जगे भी, पैरा भालाफेंक सुमित ने सुनाई गोल्ड जीतने के पीछे की दास्तां

**पेरिस (एजेंसी)।** पिछले एक दशक से अधिक समय से पीठ की चोट से जूझ रहे भारत के पैरा भालाफेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल के पेरिस पैरालम्पिक स्वर्ण के पीछे बलिदानों की लंबी दास्तां है जिसमें मीठा खाना छोड़ना और कई रातें जागकर गुजारना शामिल है।

पैरालम्पिक से पहले तेजी से वजन बढ़ने के जोखिम के कारण सुमित को अपनी पसंदीदा मिठाइयों से परहेज करना पड़ा।इसके अलावा पिछले साल हांगझोउ पैरा एशियाई खेलों में कमर में लगी चोट भी उन्हें परेशान कर रही थी। फिजियो की सलाह पर सुमित ने मिठाई खाना छोड़ दिया और कड़ी डाइटिंग पर थे। उन्होंने दो महीने में 12 किलो वजन कम किया। उनकी मेहनत यहां रंग लाई जब पैरालम्पिक खिताब बरकरार रखने वाले वह दूसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए। सुमित ने पैरिस पैरालम्पिक खेलों में 70.59 मीटर का नया रिकॉर्ड भी बनाया। उन्होंने गोल्ड जीतने के बाद कहा, ‘मैने 10 से 12 किलो वजन कम किया। मेरे फिजियो विपिन भाई ने मुझसे कहा कि वजन से मेरी रीढ की हड्डी पर दबाव बन रहा है। इसलिए मैंने मीठा खाना बंद किया जो मुझे बहुत पसंद है। इसके अलावा सही खुराक लेने पर फोकस रखा।’ सुमित ने कहा, ‘मैं पूरी तरह से फिट नहीं था। मुझे अपने थ्रो से पहले पेनकिलर लेनी पड़ी। ट्रेनिंग के दौरान भी मैं सर्वश्रेष्ठ स्थिति में नहीं था। सबसे पहले मुझे कमर का इलाज कराना है। मैं सही तरह से आराम भी नहीं कर सका हूं। मैने बहुत संभलकर खेला ताकि चोट बड़ी ना हो जाए।’

सुमित ने कहा, ‘मैने क्रॉसफिट वर्कआउट भी शुरू किया। कोच अरूण कुमार के साथ मुझे दो साल हो गए हैं। उन्हें पता है कि मुझे कब और क्या चाहिए। मैने उन्हें रातों को जागकर रणनीति बनाते देखा है। मैं खुशकिस्मत हूं कि ऐसी टीम मेरे साथ है।’ सुमित ने कहा कि लोगों की अपेक्षाओं से उनकी रातों की नींद उड़ गई थी लेकिन अब वह राहत महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ‘पिछली तीन रातों से मैं सोया नहीं हूं। लोगों की अपेक्षाओं को देखकर मैं नर्वस था। तोक्यो पैरालम्पिक में मुझे कोई जानता नहीं था तो इतना दबाव नहीं था। मैं चैन से सो रहा था लेकिन यहां पिछले तीन चार दिन तनावपूर्ण थे।’



# बटलर चोटिल हुए, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज खेलना संदिग्ध

लंदन । इंग्लैंड की एकदिवसीय और टी20 टीम के कप्तान जोस बटलर चोटिल हो गए हैं। इस चोट के कारण ही वह टी20 ब्लास्ट के मैचों से भी बाहर हो गये हैं। बटलर को पिंडली में चोट है। ऐसे में उनका अगले माह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज खेलना संभव नहीं है। इंग्लैंड को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की घरेलू टी20 सीरीज खेलनी है। इस सीरीज की शुरुआत 11 सितंबर से होगी। बटलर की चोट की स्थिति को देखते हुए उनका इस सीरीज में खेलना मुश्किल दिख रहा है हालांकि, टीम प्रबंधन अभी से इस बात को लेकर चिंतित नहीं है। उसे उम्मीद है कि कप्तान टी20 सीरीज और पांच मैचों की एकदिवसीय सीरीज में खेलेंगे। इंग्लैंड की बदली हुई टीम रविवार को यूटिलिया बाउल में एकत्र होकर दो दिन के अभ्यास शिविर में हिस्सा लेगी। इस दौरान मेडिकल स्टाफ मौजूद रहेगा। तभी बटलर के खेलने की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।



# बैंकिंग सेक्टर में भी इस तरह बन सकते हैं लीडर

**जरूरी नहीं कि हमेशा बॉस ही लीडर हो, कोई और भी लीडर हो सकता है। लीडरशिप का गुण ऑफिस में आपके व्यवहार में प्रतिबिंबित हो ही जाता है। बैंकिंग सेक्टर में भी हर ब्रांच में एक लीडर की जरूरत होती है और बैंक ऑफिसर्स की भर्ती करने वाले इंटरव्यू पैनल ऐसे ही लीडर की तलाश में होते हैं। किसी बैंक ब्रांच में दूसरों का नेतृत्व करने के लिए कई गुणों की जरूरत होती है।**

किसी भी सेक्टर में या किसी भी ऑफिस में, ऐसे लोग होते हैं जो दूसरों को उनका काम करने में मार्गदर्शन देते हैं। जरूरी नहीं कि हमेशा बॉस ही लीडर हो, कोई और भी लीडर हो सकता है। लीडरशिप का गुण ऑफिस में आपके व्यवहार में प्रतिबिंबित हो ही जाता है। बैंकिंग सेक्टर में भी हर ब्रांच में एक लीडर की जरूरत होती है और बैंक ऑफिसर्स की भर्ती करने वाले इंटरव्यू पैनल ऐसे ही लीडर की तलाश में होते हैं। किसी बैंक ब्रांच में दूसरों का नेतृत्व करने के लिए कई गुणों की जरूरत होती है। कारण यह कि बैंक में किसी भी दिन ऐसी कई स्थितियां बन सकती हैं, जिनमें संभव है कि ब्रांच मैनेजर भी न समझ पाए कि क्या किया जाना चाहिए। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि ब्रांच में कोई तो हो, जो रास्ता दिखा सके। एक बैंकर को अच्छा लीडर बनाने वाले गुण इस प्रकार हैं –

## त्वरित बुद्धि

यह सबसे ज्यादा जरूरी है क्योंकि जब भी पैसों संबंधी कोई समस्या उठ खड़ी होती है, तो अक्सर लोगों का दिमाग काम करना बंद कर देता है। आखिर सवाल रुपए–पैसों का जो है! ऐसी स्थिति में एक लीडर की त्वरित बुद्धि के चलते उसके समक्ष एक नहीं, अनेक उपाय उठ खड़े होंगे। तब वह उनमें से श्रेष्ठ उपाय को चुनकर लागू करेगा।

## ठंडा दिमाग

लीडरशिप के लिए यह बहुत जरूरी होता है। बैंकिंग में आपका पाला कई लोगों से पड़ेगा और सब एक जैसे नहीं होंगे। ऐसे भी लोग होंगे, जो बैंक में आकर आपसे या स्टाफ के किसी अन्य सदस्य से बहस करेंगे लेकिन ऐसे में आपको अपना संतुलन नहीं खोना है। याद रखें, वह व्यक्ति तो अपना काम कराकर चला जाएगा लेकिन यदि आप गरम दिमाग से दिन भर काम करेंगे, तो आपसे जरूर कोई–न–कोई गलती हो ही जाएगी! इसलिए लीडर के लिए हर हाल में शांत बने रहना जरूरी है। वैसे भी ग्राहक तो ग्राहक होता है और बैंक कर्मचारी के तौर पर आपका काम उसकी सेवा करना ही है।

## लचीलापन

लीडर होने का यह मतलब नहीं कि आप अपनी मर्जी से लोगों को हांक लेंगे। यह संभव नहीं कि किसी के पास हर समस्या का समाधान हो। हो सकता है कि आपके पास किसी समस्या का समाधान न हो लेकिन किसी और के पास यह होगा। आपको उस शख्स की मदद लेनी होगी ताकि काम हो सके। एक सच्चा लीडर इतना लचीलापन हमेशा रखता है।

## अच्छे संबंध रखें

बैंकिंग में यह बहुत जरूरी है क्योंकि बैंकिंग का व्यवसाय मूल रूप से विश्वास पर ही टिका होता है। आपको ब्रांच के हर कर्मचारी तथा ग्राहक के साथ अच्छे संबंध बनाकर रखने होते हैं। इससे ब्रांच में माहौल सकारात्मक बना रहता है।

## दूसरों का सहारा बनें

गलती हर किसी से होती है और बैंकिंग में होने वाली गलती पैसे से जुड़ी ही होगी। बैंकर के रूप में, आपको जरूरत के समय अपने साथियों का साथ देना चाहिए। इससे उनकी नजरों में आप सच्चे लीडर होंगे।

## लगन व परिश्रम

लीडर होने का मतलब है दूसरों के लिए मिसाल पेश करना और लगनशील व परिश्रमी होने की मिसाल से बेहतर क्या हो सकता है? जब साथी आपको मेहनत कर परिणाम प्राप्त करते देखेंगे, तो वे भी ऐसा ही करने को प्रेरित होंगे।

## औरों से दो कदम आगे रहें

बैंकिंग जैसे प्रतिस्पधी क्षेत्र में यह बहुत जरूरी है कि लीडर अपनी सोच और अपने व्यवहार में दूसरों से हमेशा दो कदम आगे रहे। तभी तो वह अपने संस्थान को आगे ले जा पाएगा।





# फोटोग्राफी की इन शाखाओं में बना सकते हैं शानदार करियर

फोटोग्राफी अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम है। इस बात को ऐसे भी समझा जा सकता है कि किसी बात को कहने में जहां हजार शब्दों की जरूरत पड़ सकती है, वहीं एक फोटो हजार शब्दों को बयां कर देता है। फोटोग्राफी में करियर बनाने के लिए इस फील्ड में अनुभव के साथ इसका शौक होना भी बहुत जरूरी है। यह क्षेत्र न सिर्फ अच्छा पैसा देता है, बल्कि ग्लैमर से भी जुड़ा हुआ है।

## क्या आपमें है धैर्य?

इस क्षेत्र में सफल होने के लिए एक मूलमंत्र है धैर्य। अच्छे क्लिक के लिए धैर्य की बहुत जरूरत होती है। फिर चाहे आप किसी भी माहौल में काम कर रहे हों। तनावपूर्ण माहौल हो या भीड़ भरे इलाके, फोटोग्राफर को अच्छा परिणाम देने में सक्षम होना पड़ता है। फोटोग्राफर और सिनेमेटोग्राफर के लिए अपनी आंखों का सही इस्तेमाल करना बेहद जरूरी है। उसके लिए उसका कैमरा ही उसकी आंखें है। इसके अलावा, फीलांस फोटोग्राफर या व्यवसायिक फोटोग्राफरों के पास तकनीकी कौशल के साथ व्यापारिक समझ भी होनी चाहिए। तकनीकी पहलू लाइटिंग, लैंस, रिफ्लेक्टर, फिल्टर और सेटिंग्स जैसी तकनीकों का इस्तेमाल करके ही फोटोग्राफर किसी पिक्चर को कैप्चर करते हैं। इसी के साथ अच्छी फोटो खींचने के लिए कई चीजों के समायोजन की जरूरत होती है, जैसे कैमरे की क्वॉलिटी, सब्जेक्ट, लाइटिंग, फोटोग्राफर का कौशल आदि। डिजिटल कैमरों में इलेक्ट्रॉनिक मेमरी का इस्तेमाल किया जाता है। इन तकनीकों की जानकारी होना आज के समय में जरूरी है।

## फोटोग्राफी की शाखाएं

फोटोग्राफी की कुछ खास शाखाएं हैं, जिनमें आप अपना करियर बना सकते हैं। ये इस प्रकार हैं –

**विज्ञापन/ फैशन** – विज्ञापनों और विज्ञापन एजेंसियों के कार्य के लिए कुशल फोटोग्राफरों की जरूरत होती है। फैशन फोटोग्राफी काफी हद तक एडवर्टाइजिंग फोटोग्राफी के समान ही होती है लेकिन इसमें तकनीक से ज्यादा परिधानों को उजागर करने की क्षमता जरूरी होती है।

**कला/ फिल्म** – आजकल किसी भी फिल्म की मेकिंग से लेकर उसके प्रदर्शन तक सारी गतिविधियां कैमरे में कैद की जाती हैं। इसके लिए हाई क्वॉलिटी और हाई रिजॉल्यूशन फोटोग्राफी का विशेष तौर पर ध्यान रखा जाता है।

**साइंस/ मेडिकल/ तकनीक** – इन क्षेत्रों में कार्यरत फोटोग्राफर कला से ज्यादा महत्व वस्तुपरक दृष्टिकोण को देते हैं, जिससे तथ्य को समझने में आसानी हो सके। फॉरेन्सिक लैब हो या वारदात का स्थान, सभी जगह कई एंगलों से फोटो खींचने होते हैं।

**फोटो जर्नलिज्म** – अगर आप फोटो जर्नलिस्ट हैं, तो तुरंत घटनास्थल तक पहुंचने के साथ ही सबसे पहले प्रेस या स्टूडियो तक जानकारी पहुंचाने की जिम्मेदारी आपको ही निभानी होती है। फोटो जर्नलिज्म में फोटो की श्रृंखलाओं के माध्यम से किसी विषय या घटना के बारे में स्टोरी फाइल की जाती है। आज के डिजिटल दौर में विश्व की प्रमुख घटनाओं को फोटो के माध्यम से कवर करने का रुझान तेजी से बढ़ा है।



## कैसे करें शुरूआत?

बारहवीं या ग्रेजुएशन के बाद इस फील्ड में प्रवेश लिया जा सकता है। इस कोर्स को सरकारी या निजी स्तर पर कई संस्थान कराते हैं। कोर्स करने से पहले बेसिक फोटोग्राफी का ज्ञान हासिल कर लेना अच्छा रहता है। बेहतर होगा कि एक डिजिटल कैमरा लेकर इसकी शुरूआत कर दी जाए। जब आपको लगे कि आप इस कोर्स के लिए पूरी तरह तैयार हैं, तो फिर डिजिटल एसएलआर खरीदकर प्रोफेशनली इससे जुड़ जाएं।

## प्रशिक्षण भी अहम

फोटोग्राफी के प्रशिक्षण के लिए किसी अच्छे संस्थान से फाइन आर्ट्स या मास कम्युनिकेशन कोर्स करके अच्छा ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है। वहीं मोशन फोटोग्राफी का प्रशिक्षण फिल्म एवं टेलीविजन संस्थानों द्वारा दिया जाता है। सबसे पहले किसी अच्छे संस्थान में प्रवेश लेना जरूरी है। इनमें फोटोग्राफी कला का अध्ययन कराया जाता है। इससे आपको मूलभूत जानकारी प्राप्त हो सकेगी। जब आपको लगे कि आप पर्याप्त सक्षम हो गए हैं, तो किसी एक्सपर्ट फोटोग्राफर के साथ काम कर बारीक चीजों को भी सीख सकते हैं। फिर उच्च शिक्षण संस्थान की ओर रुख कर सकते हैं। यदि यह तरीका न भाए, तो दूसरे तरीके से फाइन आर्ट्स, विजुअल आर्ट्स, मास कम्युनिकेशन, जर्नलिज्म जैसे कोर्स में प्रवेश लें। इसमें आपको फोटोग्राफी मुख्य कोर्स के तौर पर पढ़ाई जाएगी। ध्यान रहे, प्रशिक्षण आपको तकनीकी पहलुओं की जानकारी दे सकता है लेकिन नए विचार और व्यक्तिगत स्टाइल तो स्वयं ही विकसित करनी होती है। व्यवहारिक ज्ञान यहां सबसे जरूरी होता है।

# इन टिप्स को अपनाकर बन सकते हैं एक अच्छा मैनेजर

**किसी भी संस्थान में एक मैनेजर की अहम भूमिका होती है। अगर आप भी अपने करियर में आगे बढ़ते हुए इस पद पर पहुंच गए हैं या पहुंचना चाहते हैं तो आपको अपने कार्यक्षेत्र के अलावा और भी चीजों पर ध्यान देना होगा। आपको अपनी सॉफ्ट स्किल्स की असली परीक्षा यही देनी होती है। एक लीडर के रूप में आप सभी सफल हो सकते हैं जब आपके कर्मचारी आपके साथ खुश, प्रेरित और उत्साहित महसूस करें।**

## कर्मचारियों को प्रेरित करना

अगर आप अपनी टीम का सम्मान करेंगे तो वे आपका सम्मान करेंगे। आपको उनकी हर छोटी–बड़ी चीजों का एप्रिशियेट करना होगा। उनसे अपने काम की ही फीडबैक न लेते रहें, बल्कि उनकी व्यक्तिगत समस्याओं को शेयर करने के लिए भी प्रोत्साहित करें।

## फील गुड कराएं

कर्मचारियों से केवल काम लेना है, ऐसी सोच आपके अच्छे मैनेजर बनने का गुण नहीं है। एक सफल मैनेजर में अपने कर्मचारियों की अच्छी बातों और क्षमताओं को पहचाने की समझ होती है। उनका मनोबल बढ़ाने के साथ उन्हें ऐसा माहौल दें कि वे बेहिचक काम कर सकें।

## पीठ पीछे भी प्रशंसा

आपको उनके काम, व्यवहार, उदारता की तारीफ उनके सामने तो करनी ही चाहिए। साथ ही आपको उनके पीठ पीछे भी तारीफ करना चाहिए। एक कर्मचारी जो जानता है कि उसकी कितनी प्रशंसा की जाती है तो वह ज्यादा मेहनत करेगा, अपने काम में ज्यादा आनंद लेगा और इस मानसिक खुशी को वह दूसरे कर्मचारियों के साथ बांटेगा।

## जिम्मेदारी सौंपे

आप एक मैनेजर है क्योंकि आप अपने काम में एक्सपर्ट है लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आपको सारा काम खुद करना है। आपको यह समझ होनी चाहिए कि कौन सा काम,कौन सा कर्मचारी बखूबी पूरा कर सकता है। आपको अपने कर्मचारी को सीखने और नए अवसर देने की कोशिश करनी चाहिए। धीरे–धीरे जैसे आप उनकी सक्षमता और कमजोरियों को समझने लगें उन्हें ज्यादा जिम्मेदारी के काम सौंपें।





# मैथ्स में है रूचि तो इन क्षेत्रों में बना सकते हैं करियर

गणित मनुष्य के ज्ञान की एक अत्यधिक उपयोगी तथा आकर्षक शाखा है। इसमें अध्ययन के कई विषय शामिल हैं। भारत में प्राचीन काल से ही गणित की एक सुदृढ़ परंपरा रही है और आज भी यहां गणित में विश्व स्तर के अनुसंधान करने वाले अनेक संस्थान हैं। गणनाओं में रुचि रखने वाले युवा बड़ी संख्या में गणित को करियर के रूप में चुनते हैं। गणित लगभग सभी वैज्ञानिक अध्ययनों का एक अनिवार्य अंग है। वैज्ञानिक गणित का उपयोग प्रयोगों की रूपरेखा बनाने, सूचना का विश्लेषण करने, गणित के सिद्धांतों द्वारा अपने निष्कर्ष उचित रूप में व्यक्त करने तथा इन निष्कर्षों के आधार पर सटीक भविष्यवाणी करने के लिए करते हैं। खगोल विज्ञान, रसायन विज्ञान तथा भौतिक विज्ञान जैसे विषय तो गणित पर ही निर्भर हैं। सामाजिक विज्ञान, अर्थशास्त्र, सांख्यिकी, इंजीनियरिंग आदि भी गणित की ही शाखाओं पर निर्भर होते हैं।

भारत में 135 से भी अधिक विश्वविद्यालय गणित से जुड़े कोर्स चलाते हैं। कुछ विश्वविद्यालय शुद्ध गणित (प्योर मैथमेटिक्स) व अनुप्रयुक्त गणित (अप्लायड मैथमेटिक्स) में विशेषज्ञता प्रदान करते हैं। आप कुछ स्थानों पर चलाए जाने वाले एकीकृत एमएससी पीएचडी डिग्री कोर्स के लिए भी आवेदन कर सकते हैं। यूं देश में स्नातक स्तर पर गणित की शिक्षा देने वाले दो विश्व स्तरीय संस्थान हैं भारतीय सांख्यिकी संस्थान (आईएसआई), बेंगलुरू तथा चेन्नाई गणित संस्थान (सीएमआई), चेन्नाई। आईएसआई से गणित व कम्प्यूटर विज्ञान में बी. मैथ्स डिग्री तथा सीएमआई से गणित की बीएससी डिग्री की जा सकती है। इनमें प्रवेश प्रत्येक वर्ष मई के अंत में देश के विभिन्ना केंद्रों पर आयोजित की जाने वाली एक लिखित प्रवेश परीक्षा के माध्यम से दिया जाता है। ये दोनों संस्थान ऐसे विद्यार्थियों को भी अपने यहां प्रवेश देते हैं, जो इंडियन नेशनल मैथमेटिकल ओलिंपियाड (आईएनएमओ) में पास होते हैं या किशोर वैज्ञानिक प्रोत्साहन योजना (केवीपीवाई) अध्येता होते हैं। गणित में विशेषज्ञतापूर्ण कोर्स चलाने वाले देश के अन्य प्रमुख संस्थान इस प्रकार है –

- औद्योगिक गणित में पाठ्यक्रम पुणे विश्वविद्यालय, पुणे में उपलब्ध है।
- न्यूमेरिकल मैथमेटिक्स पाठ्यक्रम मदुरै कामराज विश्विवालय, मदुरै में उपलब्ध है।
- गणितीय अर्थशास्त्र में पाठ्यक्रम देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर में उपलब्ध है।
- इसके अलावा एमएससी व पीएचडी कोर्स के लिए देश के प्रमुख संस्थान इस प्रकार हैं –
- टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च (टीआईएफआर), मुंबई। लिखित परीक्षा तथा उसके बाद साक्षात्कार के माध्यम से इस संस्थान के पीएचडी पाठ्यक्रम में प्रवेश दिया जाता है।
- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च (आईआईएसईआर), पुणे/ मोहाली/ कोलकाता/ तिरुवनंतपुरम/ भोपाल तथा नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च (एनआईएसईआर), भुवनेश्वर में भी गणित में एकीकृत एमएससी डिग्री कोर्स उपलब्ध है। आईआईएसईआर विद्यार्थियों को आईआईटी प्रवेश परीक्षा के आधार पर प्रवेश देता है, जबकि एनआईएसईआर नेशनल एंट्रेंस स्क्रीनिंग टेस्ट (एनईएसटी) के माध्यम से प्रवेश देता है।
- हैदराबाद विश्वविलय द्वारा गणित में एकीकृत एमएससी पाठ्यक्रम चलाया जाता है। यह विश्वविद्यालय जून के आरंभ में आयोजित की जाने वाली लिखित परीक्षा के माध्यम से प्रवेश देता है।

## विषय एक संभावनाएं अनेक

गणित तथा इससे जुड़े प्रमुख करियर इस प्रकार हैं

### गणितज्ञ

गणितज्ञों को गणित का अध्ययन अथवा अनुसंधान करना होता है। वे गणित के अनसुलझे रहस्यों को उजागर करने का प्रयास करते हैं।

### शिक्षण

गणित के शिक्षकों की मांग कल भी थी, आज भी है और भविष्य में भी रहेगी। गणित पूरी स्कूली शिक्षा में एक मुख्य विषय होता है। यदि आपमें संख्याओं के प्रति गहरा आकर्षण है और विद्यार्थियों को पढ़ाने में आपकी रुचि है, तो आप शिक्षण के क्षेत्र में भी करियर बना सकते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वाले गणितज्ञों का अध्यापन तथा अनुसंधान में खास योगदान होता है।

### सॉफ्टवेयर इंजीनियर

भारतीय सॉफ्टवेयर इंजीनियरों की न केवल भारत में बल्कि विश्व भर में धूम मची हुई है। वैश्विक आईटी इंडस्ट्री भारतीय सॉफ्टवेयर इंजीनियरों को रोजगार देने के लिए बाहें फैलाए खड़ी है। सॉफ्टवेयर इंजीनियर सॉफ्टवेयर के प्रयोग तथा उनकी प्रणाली का सृजन, परीक्षण, विश्लेषण व मूल्यांकन करने के लिए कम्प्यूटर विज्ञान और गणितीय विश्लेषण के सिद्धांतों को कार्यान्वित करते हैं।

### बैंकिंग

वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के चलते बैंक तेजी से अपनी शाखाएं बढ़ा रहे हैं, जिससे इस क्षेत्र में रोजगार के हजारों नए अवसर निर्मित हो रहे हैं। गणित में महारथ रखने वाले युवा बैंकिंग के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर सकते हैं।

### चार्टर्ड अकाउंटेंट

उदारीकरण के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था के तीव्र विकास के चलते अकाउंट्स तथा फाइनेंस के क्षेत्र में करियर ने खूब लोकप्रियता अर्जित की है। इस क्षेत्र में चार्टर्ड अकाउंटेंट का एक अत्यधिक प्रतिष्ठित करियर विकल्प है। मैथ्स व कॉमर्स में रुचि रखने वाले युवा इस क्षेत्र में बढ़िया करियर बना सकते हैं।

### कम्प्यूटर सिस्टम्स एनालिस्ट

कम्प्यूटर सिस्टम्स एनालिस्ट के लिए सॉफ्टवेयर, अनुसंधान, शिक्षा, सिक्यूरिटी, बैंकिंग, अर्थशास्त्र, इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर विज्ञान, भौतिकी, तकनीकी शाखाओं आदि में रोजगार के ढेरों अवसर हैं। अधिकांश सिस्टम्स एनालिस्ट लागत–लाभ व निवेश पर मुनाफा का विश्लेषण तैयार करने के लिए विशिष्ट प्रकार की कम्प्यूटर प्रणालियों पर कार्य करते हैं और मैनेजरों को यह निर्णय लेने में सहायता करते हैं कि या प्रस्तावित टेक्नोलॉजी वित्तीय दृष्टि से कारगर होगी या नहीं।



क्रांति समय

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1


जून 2024 में शेख हसीना प्रशासन ने भारत के साथ कुल 10 एमओयू पर हस्ताक्षर किए थे

# भारत से हुए कई समझौतों को खत्म करने की तैयारी कर रही बांग्लादेश सरकार



**ढाका।**

बांग्लादेश में भारी हिंसा और आगजनी के बीच अंतरिम सरकार बनी है। खबरें हैं कि मोहम्मद यूनुस की अगुवाई वाली अंतरिम सरकार ऐसे समझौतों की समीक्षा की तैयारी कर रही है, जो बांग्लादेश के लिए फायदेमंद नहीं हैं। हालांकि, अब तक बांग्लादेश की ओर से ऐसे किसी एमओयू के बारे में स्पष्ट तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। इसके अलावा अंतरिम सरकार ने साफ किया है कि अगर कानूनी रूप से पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को वापस लाना जरूरी होता है, तो प्रत्यर्पण की कोशिश की जाएगी।बांग्लादेशी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अगर पूर्व में हस्ताक्षर किए हुए कुछ समझौते मुल्क के लिए गैर फायदेमंद पाए जाते हैं, तो अंतरिम सरकार उनकी समीक्षा कर सकती है या कैंसिल भी कर सकती है। हालांकि, इसे लेकर अब तक अंतरिम सरकार की ओर से आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। कई रिपोर्ट्स के हवाले से लिखा है कि हाल ही में अंतरिम विदेश मंत्री तौहीद हुसैन ने हाल ही में कहा है कि एमओयू बाध्यकारी समझौते नहीं हैं और इन्हें संशोधित किया जा सकता है या वापस भी लिया जा सकता है। ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इस्लामिक को-ऑपरेशन की बैठक से लौटने के बाद हुसैन ने कहा, समझौते नहीं हैं। उनमें हमेशा संशोधन किया जा सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, कई राजनीतिक जानकारों का कहना है कि अंतरिम सरकार को लगता है कि शेख हसीना प्रशासन के भारत के साथ करीबी संबंध थे और हो सकता है कि एमओयू पर हस्ताक्षर करते समय भारतीय हितों का खास ध्यान रखने के लिए मजबूर होना पड़ा हो। जून 2024 में शेख हसीना प्रशासन ने भारत के साथ कुल 10 एमओयू पर हस्ताक्षर किए थे। इनमें से 7 नए थे और 3 को रिन्यू किया जाना था। खबरें हैं कि बांग्लादेश को दिए जाने वाले भारतीय कर्ज को लेकर भी अनिश्चितताएं बनी हुईं हैं।

प्लानिंग मंत्रालय इंडियन लाइन ऑफ क्रेडिट्स के जरिए जारी और प्रस्तावित प्रोजेक्ट्स की समीक्षा कर रहा है।

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार में जल संसाधन मामलों की सलाहकार सैयदा रिजवाना हसन ने कहा है कि सरकार तीस्ता जल बंटवारा संधि पर भारत के साथ बातचीत फिर से शुरू करना चाहती है। उन्होंने कहा कि ऊपरी तटवर्ती और निचले तटवर्ती देशों को जल बंटवारे पर अंतरराष्ट्रीय सिद्धांतों का पालन करना चाहिए।ढाका में बातचीत में हसन ने भरोसा जताया कि भारत के साथ तीस्ता संधि एवं अन्य जल बंटवारा संधियों पर विवाद को बातचीत के जरिए सौहार्दपूर्ण तरीके से सुलझा लिया जाएगा लेकिन उन्होंने सुझाव दिया कि अगर किसी समझौते पर नहीं पहुंचा जा सका तो बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय वैधानिक दस्तावेजों और सिद्धांतों पर विचार कर सकता है। उन्होंने रविवार को एक साक्षात्कार में कहा, 'मैंने (बांग्लादेश में) सभी संबंधित पक्षकारों से तीस्ता जल बंटवारा मुद्दे पर चर्चा की है।

चर्चा में हम इसी नतीजे पर पहुंचे कि तीस्ता संधि के संबंध में हमें प्रक्रिया और संवाद को फिर से शुरू करने की आवश्यकता है। हमें गंगा संधि पर भी काम करना है जिसकी मियाद दो साल में पूरी होने वाली है। उन्होंने कहा, 'दोनों पक्ष सहमत हैं और तीस्ता जल-बंटवारा संधि का मसौदा तैयार है।

लेकिन पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री के विरोध के कारण समझौते पर हस्ताक्षर नहीं हो पाया।

# तुर्किये में दो अमेरिकी सैनिकों पर हमला, हिरासत में 15 लोग

**अंकारा,।**

तुर्किये के इजमिर में दो अमेरिकी सैनिकों पर हमला किया गया। हमलावर कुछ युवक थे जो दक्षिणपंथी तुर्की युवा समूह के सदस्य हैं। स्थानीय गवर्नर के कार्यालय ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि हमले में शामिल 15 लोगों को हिरासत में लिया गया है। तुर्किये के युवा संघ (टीजीबी) ने हमले की जिम्मेदारी ली है। उन्होंने एक बयान जारी कर कहा, हमने अमेरिका के सबसे बड़े हमलावर जहाज यूएसएस वास्प पर तैनात अमेरिकी सैनिकों पर हमला किया। अमेरिकी सैनिकों के हाथ हमारे सैनिकों और हजारों फिलिस्तीनियों के खून से सने हुए हैं। इसलिए वे हमारे देश को अपवित्र नहीं कर सकते। जब भी आप इस जमीन पर कदम रखेंगे। हम आपका ऐसा ही स्वागत करेंगे, जिसके आप हकदार हैं। तुर्किये मीडिया रिपोर्टों ने इजमिर गवर्नर के कार्यालय के एक बयान का हवाला देते हुए कहा कि राष्ट्रवादी पार्टी की युवा विंग के सदस्यों ने कोनक सिटी में दो अमेरिकी सैनिकों पर हमला किया। उन्होंने बयान में कहा कि घटना के बाद पांच अमेरिकी सैनिकों ने हस्तक्षेप किया। सभी 15 हमलावरों को हिरासत में लिया गया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर घटना का वीडियो भी शेयर किया है। वहीं, तुर्किये स्थित अमेरिकी दूतावास ने हमले की पुष्टि की और कहा कि सैनिक अब सुरक्षित हैं। उन्होंने एक बयान में कहा, हम उन रिपोर्टों की पुष्टि करते हैं कि अमेरिका वास्प पर सवार अमेरिकी सेवा सदस्य आज इजमिर में हुए हमले के शिकार हुए थे, लेकिन अब वह सुरक्षित हैं। हम तुर्किये अधिकारियों को धन्यवाद देते हैं, उन्होंने इसमें तत्काल कार्रवाई की।

# गाजा में संघर्ष के बीच ब्रिटेन का ऐलान, इजरायल को नहीं देगा हथियार

## मानवाधिकार कानूनों का उल्लंघन करने में हो सकता है इस्तेमाल

लंदन, ।

ब्रिटेन सरकार ने इजरायल के साथ हो रहे हथियारों के निर्यात पर रोक लगा दी है और कहा है कि उस पर प्रतिबंध पूरी तरह से नहीं लगाया गया है, ये आंशिक है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक विदेश सचिव डेविड लैमी ने ब्रिटेन की संसद को इस विषय पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इजराइल को दिए जाने वाले करीब 350 में से 30 हथियारों के निर्यात लाइसेंस पर रोक लगा दी गई है। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन के हथियारों का इस्तेमाल अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार कानूनों का उल्लंघन करने के लिए किया जा सकता है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि दो महीने के आकलन से गाजा में चल रहे संघर्ष में इजरायल के हमलों से चिंताएं पैदा हुई हैं। इजरायल ने यूके सरकार के इस कदम की निंदा की है। यूके की सरकार के इस कदम को हमास और ईरान के पक्ष में लिया गया फैसला करार दिया। इजरायल के विदेश मंत्री ने यूके सरकार के इस कदम को निराशाजनक बताया। इसके अलावा उन्होंने गाजा में चल रहे इजरायल और हमास के बीच संघर्ष पर ब्रिटेन की सरकार के फैसले पर निराशा जताई ।उन्होंने कहा कि इजरायल कानून का पालन करने वाला देश है और ब्रिटेन जैसे दोस्त देश से उन्हें इजरायल के समर्थन की उम्मीद थी।

## नेपाल में नकली भारतीय करेंसी मामले में 08 लोग गिरफ्तार

**सोनबरसा,।** नेपाल में सरलाही जिला की पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय जाली नोट के धंधेबाजों के एक रैकेट का पर्दाफाश किया है। सर्लाही जिले के दशवानी गांव के पास सिंचाई के लिए बनाए गए घर में नकली नोट बनाए जाने की सूचना पर पुलिस ने छापेमारी की। यह गिरफ्तारी उस वक्त हुई जब नेपाली व भारतीय करेंसी छाप कर बाजार में भेजने की तैयारी हो रही थी।उसी वक्त नेपाल पुलिस ने छापेमारी कर आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें सीतामढ़ी जिले का भी दो लोग शामिल हैं। गिरफ्तार किए लोगों में मधुवनी से सीतामढ़ी जिला अंतर्गत बैरगनिया पानी टंकी क्षेत्र के राजीव ठाकुर उर्फ पप्पू, मेजरगंज वार्ड आठ के सुवोध कुमार, नेपाल के काठमांडू चंद्रगिरि का सौगत थापा मगर, कागेश्वरी मनोहरा विजय लामा शामिल हैं। इसके अलावा सर्लाही गोरैता मधुवनी के जनार्दन सिंह, नरई टोल रौतहट के विशाल राय, ललितपुर कुपंडोल के संजय राणा मगर और भक्तपुर चांगुनारायण के अमीर खत्री शामिल है। सर्लाही पुलिस ने बताया कि एक हजार के नोट के आकार में कटे कागज के 14 बंडल, कई रंगों के 8 लीटर केमिकल, 95 हजार 805 नेपाली रुपए, दस मोबाइल, बीआर **6 बीएस 6857**, बीआर **30 टी 5243** नंबर की बाइक आझैर एक नेपाली नंबर की स्कार्पियो जब्त की है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है इनसे कई और खुलासे होने की उम्मीद है।

# पोप फांसिस चार देशों की 12 दिवसीय मैराथन यात्रा पर

## 13 घंटे का हवाई सफर कर जकार्ता पहुंचे

**रोम ।**

पोप फांसिस ने अपनी सबसे लंबी यात्रा की शुरुआत कर की है। इसका उद्देश्य मुस्लिम बहुल इंडोनेशिया में धार्मिक सद्भाव का जश्न मनाना है। पोप फांसिस 87 वर्ष के हैं। वे हाल के सालों में स्वास्थ्य संबंधी कठिनाइयों से दो-चार हो रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में देखा गया कि उन्होंने व्हीलचेयर का उपयोग करना शुरू कर दिया है। लेकिन पोप फांसिस इस समय अपने पोप कार्यकाल की सबसे लंबी यात्रा पर हैं। दक्षिण पूर्व एशिया और दक्षिण प्रशांत क्षेत्र के चार देशों की 12 दिवसीय मैराथन यात्रा की शुरुआत करते हुए इंडोनेशिया पहुंचे, जिसमें पापुआ न्यू गिनी, पूर्वी तिमोर और सिंगापुर भी शामिल हैं। सबसे लंबी विदेश यात्राओं में से एक यह किसी भी पोप द्वारा शुरू की गई सबसे लंबी विदेश यात्राओं में से एक है और यह सबसे दूर की भौगोलिक दूरी (32,814 किलोमीटर या लगभग 20,000 मील) है जिसे फांसिस ने 2013 के चुनाव के बाद से यात्रा की है। जकार्ता पहुंचकर पोप फांसिस ने कहा कि 13 घंटे से अधिक की उड़ान उनकी अब तक की सबसे लंबी उड़ान थी। यह ऐतिहासिक यात्रा पोप को अंतर-धार्मिक संवाद और पर्यावरण की सुरक्षा सहित अपने परमधर्मपीठ के प्रमुख विषयों पर प्रकाश डालने की अनुमति देगी। पिछली 44 विदेश यात्राओं में ये देश शामिलपोप कार्यकाल के दौरान, फांसिस की पिछली 44 विदेश यात्राओं में दक्षिण कोरिया, जापान, फिलीपींस, थाईलैंड, म्यांमार और बांग्लादेश शामिल थे। उन्होंने चर्च के केंद्रीय प्रशासन में वरिष्ठ पदों पर फिलीपींस (लुइस एंटोनियो टैगले) और दक्षिण कोरिया (लाजर यू ह्युंग-सिक) के कार्डिनल्स को भी नियुक्त किया है।

जकार्ता की ऐतिहासिक इस्तिकलाल मस्जिद में अंतरधार्मिक बैठक फांसिस 5 सितंबर को जकार्ता की ऐतिहासिक इस्तिकलाल मस्जिद में एक अंतरधार्मिक बैठक में भाग लेने वाले है। जिसमें इंडोनेशिया में आधिकारिक रूप से मान्यता प्राप्त छह धर्मों इस्लाम, बौद्ध, कन्फ्यूशीवाद, हिंदू, कैथोलिक धर्म और प्रोटेस्टेंटवाद के प्रतिनिधि भाग लेने वाले है। पोप पॉल षष्टम के 1970 और सेंट जॉन पॉल द्वितीय के 1989 में इंडोनेशिया की यात्रा के बाद फांसिस इस देश की यात्रा करने वाले तीसरे पोप हैं। यह ईसाई-मुस्लिम संवाद और कैथोलिक व्यवसायों दोनों के संदर्भ में वेटिकन के लिए इंडोनेशिया के महत्व को रेखांकित करता है।

# यूक्रेन के थर्माइट बम........रुसी टैंक व गाड़ियों को सेकंड में पिघला दें

## कुछ महीनों पहले रूसी सैनिकों पर हो चुका है प्रहार

**कीव,।**

ऊंचे-ऊंचे पेड़ों के नीचे रूसी हथियारबंद सैनिक और बख्तरबंद गाड़ियां छिपी हैं तभी अचानक ऊपर से एक ड्रोन आता है और पेड़ों के ऊपर से नीचे की तरफ आग उगलता है।

ये आग सामान्य आग की तरह नहीं है. ये जहां गिर रही है, वहां चिपक जाती है। जैसे यह पिघला हुआ लावा हो।

ये आग पेड़ों को जलाकर राख कर देते हैं। इसमें धमाके भी होते हैं। रूसी हथियार फटने लगते हैं। यह आग उगलने वाले ड्रोन के कई नाम है। आम बोलचाल में इसे फ्लेमथ्रोअर ड्रोन कहते हैं। फैंसी तरीके से इसे ड्रैगनफायर ड्रोन बुलाते हैं। इसके अलावा डिफेंस में इसका असली नाम थर्माइट ड्रोन है। यूक्रेन की सेना ने अपने टेलीग्राम हैंडल पर इसका वीडियो शेयर किया था जिसके बाद एक्स पर हंगामा मचा गया।

इस तरह का ड्रोन यूक्रेन की 108वीं सेपरेट टेरिटोरियाल डिफेंस ब्रिगेड संचालित करती है। पहले यह ड्रोन पेड़ों के नीचे छिपे दुश्मन पर आग बरसाते है, इसके बाद सारा बचा हुआ हथियार नीचे ड्रॉप कर देता है। कुछ महीनों पहले भी यूक्रेन ने रूसी सैनिकों के ऊपर थर्माइट बम बरसाते थे।

ये बम हवा में थोड़ा ऊपर फटते थे। इसके बाद बड़े इलाके में आग लगा देते या ज्वलनशील पदार्थ छोड़ देते थे। इनका इस्तेमाल खासतौर से रूसी गाडियों को जलाने के लिए किया जा रहा था।यह एक अत्यधिक तापमान वाला केमिकल है। इसमें जंग लगा आयरन ऑक्साइड और अल्यूमिनियम पाउडर मिलाया जाता है।



थर्माइट का तापमान 2204 डिग्री सेल्सियस या उससे ज्यादा पहुंच जाता है यानी इस तरह के हथियार का इस्तेमाल जिस चीज के ऊपर किया जाएगा, वह पिघल जाएगी। यूक्रेनी सैनिक थर्माइट ग्रैनेड भी इस्तेमाल करते हैं ताकि टैंक, बख्तरबंद वाहन के जरूरी हिस्सों पर हमला करके उसे जला सकें। अगर यह ग्रैनेड टैंक के हैच के अंदर गिरा दिया जाए तो यह इतना तापमान पैदा कर देता है कि अंदर रखे गोले फटने लगते हैं। इससे टैंक में मौजूद सैनिक मारे जाते हैं. टैंक या बख्तरबंद वाहन जल जाता है।आग उगलने वाले ड्रोन के नीचे एक या कई थर्माइट कंटेनर लगाए जाते हैं।

एक कंटेनर आमतौर पर सवा दो किलोग्राम का होता है। जो करीब 22 सेकेंड तक जलता है।

ये 22 सेकेंड दुश्मन के किसी भी हथियार को जलाकर खत्म करने के लिए पर्याप्त हैं। इसलिए अगर कई कंटेनर लगे हैं तो सब आपसे में जुड़े होते हैं।

एक के बाद एक जलते रहते हैं. बाद में इन कंटेनर्स को दुश्मन के ऊपर गिरा दिया जाता है।

## मंगोलिया पहुंचे पुतिन, आईसीसी के आदेश को दरकिनार का हुआ जोरदार स्वागत



**उलनबटार, ।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन मंगोलिया पहुंचे गए हैं. इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट (आईसीसी) ने पुतिन को गिरफ्तार करने के लिए मंगोलिया को आदेश दिया था, लेकिन मंगोलिया ने पुतिन को गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया। रूस के एक जानकार ने कहा कि मंगोलिया को मौजूदा समय में आईसीसी से ज्यादा रूस की जरूरत है.मंगोलिया ने आईसीसी के आदेशों को दरकिनार करते हुए पुतिन का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। पुतिन के आगमन के दौरान चंगेज खान के स्मारक को दोनों देशों के झंडों से रंग दिया गया। कुछ मानवाधिकार से जुड़े लोग एयरपोर्ट के बाहर प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन मंगोलियाई सरकार की तरफ से पुतिन के स्वागत में कोई कमी नहीं की गई। दरअसल, मंगोलिया आईसीसी का सदस्य देश है और मार्च 2023 में ही आईसीसी ने पुतिन के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। पुतिन को यूक्रेन से बच्चों के अपहरण और युद्ध के दौरान अपराध के लिए आरोपी बताया गया है। ऐसे में आईसीसी ने पुतिन को गिरफ्तार करने का आदेश दिया था। गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बाद से पुतिन अब तक 12 देशों की यात्राएं कर चुके हैं, लेकिन वे आईसीसी सदस्य देशों से बचते रहे हैं। इन देशों में चीन, नॉर्थ कोरिया, सउदी अरब और यूएई जैसे देश शामिल हैं

# अमेरिका ने वेनेजुएला राष्ट्रपति मादुरो का प्राइवेट जेट छीना

## प्रतिबंधों का उल्लंघन कर अवैध रूप से खरीदने का है आरोप



**वाशिंगटन ।**

मिडिल ईस्ट में जारी तनाव के बीच अमेरिका वेनेजुएला पर एक्शन मोड में आ गया है। इस कड़ी में अमेरिका ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के पर्सनल जेट डसॉल्ट फाल्कन 900ईएक्स को जब्त कर लिया है। 13 मिलियन डॉलर मूल्य के इस विमान को फ्लोरिडा के फोर्ट लॉडरडेल में ले जाया गया है। अमेरिकी अधिकारियों ने तर्क दिया है कि इसे अमेरिकी प्रतिबंधों का उल्लंघन करते हुए अवैध रूप से खरीदा और निर्यात किया गया था। यह विमान वेनेजुएला की एक सैन्य सुविधा के लिए था लेकिन इसका उपयोग अंतरराष्ट्रीय यात्रा के लिए भी किया जाता था जिससे मादुरो की पहुंच और बढ़ गई थी।

अटॉर्नी जनरल ने कहा कि अमेरिका उन लोगों का पीछा करना जारी रखेगा जो हमारे प्रतिबंधों और निर्यात नियमों का उल्लंघन करते हैं ताकि उन्हें अमेरिका की सुरक्षा को नुकसान करने लिए अमेरिकी संसाधनों का उपयोग करने से रोका जा सके। 'द जेट' की तुलना वेनेजुएला के एयरफोर्स वन के साथ की जाती है। इसका इस्तेमाल मादुरो और दूसरे हाई रैंकिंग वाले वेनेजुएला के अधिकारी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय आवागमन के लिए करते हैं।

डसॉल्ट फाल्कन 900ईएक्स एक मशहूर निजी जेट है जो अपनी लंबी दूरी की क्षमताओं के लिए जाना जाता है। डसॉल्ट फाल्कन 900ईएक्स में कई खूबियां हैं जिसकी लंबाई 66.4 फीट, पंखों का फैलाव 63.4 फीट और अधिकतम क्रूजिंग स्पीड 482 नॉट है। यह 4,500 समुद्री मील तक यात्रा कर सकता है और 51,000 फीट की सेवा सीमा तक पहुंच सकता है जिससे यह अंतरराष्ट्रीय यात्रा के लिए फिट बैठता है।

# दक्षिण अफ्रीका की ब्यूटी क्वीन बनीं मिस यूनिवर्स नाइजीरिय

## नागरिकता को लेकर आया था विवाद

**एबूजा।**

मिस यूनिवर्स नाइजीरिया का ताज 23 साल की चिदिम्मा एडेत्शिना को पहनाया गया है जो कानून की छात्रा हैं। राष्ट्रीयता को लेकर आलोचना और विवाद के बाद उन्होंने मिस साउथ अफ्रीका प्रतियोगिता से हटने का फैसला किया था। दक्षिण अफ्रिका के सोवतो में वह पैदा हुईं। उनके पिता एक नाइजीरियाई और मां मोजाम्बिक की हैं। एडेत्शिना शुरू में मिस साउथ अफ्रिका में फाइनलिस्ट थीं। लेकिन उनकी भागीदारी की आलोचनाएं होने लगीं। आलोचकों ने उनकी मिश्रित विरासत के कारण उनकी योग्यता पर सवाल उठाए।

विवाद इतना ज्यादा बढ़ गया कि दक्षिण अफ्रीका के गृह मामलों के विभाग को जांच भी करनी पड़ गई। इस जांच में चिदिम्मा एडेत्शिना की ओर से कोई भी गलत काम करते नहीं पाया गया। लेकिन सुझाव दिया कि उनकी मां ने दक्षिण अफ्रिका की नागरिकता पाने के लिए पहचान चुराई हो सकती है। अपने परिवार की सुरक्षा के लिए आखिर में एडेत्शिना ने प्रतियोगिता से बाहर होने का फैसला किया। बाद में उनकी कहानी ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा।

प्रतियोगिता से हटने की बात जानकर मिस यूनिवर्स नाइजीरिया के आयोजकों ने उन्हें अपनी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया।

इससे उन्हें वैश्विक मंच पर अपने पिता की मातृभूमि का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला। शनिवार को लागोस में एडेत्शिना को मिस यूनिवर्स नाइजीरिया का ताज पहनाया गया। नवंबर में होने वाली मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में वह नाजीरिया का प्रतिनिधित्व करेंगी। एडेत्शिना ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह ताज सिर्फ सुंदरता के लिए नहीं बल्कि एकता का आह्वान है।

उनकी जीत को सोशल मीडिया पर जश्न के तौर पर देखा गया। उनके समर्थकों ने उनकी प्रशंसा की।

लेकिन कई आलोचकों ने आरोप लगाया कि उन्हें जानबूझकर जीत दिलाई गई है। उनकी राष्ट्रीयता से जुड़े विवाद के कारण उनके पक्ष में धांधली की गई।

## संक्षिप्त समाचार



### युद्धविराम के लिए पर्याप्त कोशिश नहीं कर रहे नेतन्याहू : बाइडन

**वाशिंगटन ।**अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने इजराइली प्रधानमंत्री बिन्यामिन नेतन्याहू के लिए कहा कि वे बंधकों की रिहाई के लिए हमास के साथ समझौते और युद्धविराम के लिए पर्याप्त कोशिश नहीं कर रहे हैं। बाइडन ने ये बात उस समय कही है, जब ऐसी रिपोर्ट्स हैं कि अमेरिका की ओर से पीएम नेतन्याहू को एक और नया अंतिम प्रस्ताव भेजा जा सकता है। राष्ट्रपति बाइडन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने नए प्रस्ताव के संबंध में वार्ताकारों से मुलाकात की। ये सब उस समय पर हो रहा है, जब इजराइल में नेतन्याहू सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन जारी है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि नेतन्याहू सरकार बंधकों की रिहाई के लिए हमास के साथ समझौता करने के लिए कुछ खास कोशिश नहीं कर रही है। बीते साल सात अक्टूबर को इजराइल पर हमला करने के बाद सैकड़ों की संख्या में लोगों को बंधक बनाकर गाजा ले जाया गया था। इसमें से छह के शव बीते शनिवार को गाजा के रफाह की एक सुरंग में मिले हैं।

### भूस्खलन की चपेट में आई यात्री वैन, दो जवानों समेत तीन की मौत

**इस्लामाबाद,।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक यात्री वैन भूस्खलन की चपेट आ गई। इस हादसे में दो जवानों समेत तीन लोगों की मौत हो गई और एक घायल हो गया है। मीडिया रिपोर्ट में पुलिस अधिकारी मुख्तियार अहमद ने बताया कि उत्तरी गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र की ओर जा रही यात्री वैन दासू क्षेत्र में भूस्खलन की चपेट में आ गई। इसमें तीन लोगों की मौत हो गई। रिपोर्ट के मुताबिक घायल व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं तीनों के शव उनके परिजनों को सौंप दिए गए हैं। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने चेतावनी दी है कि प्रांत के कुछ हिस्सों में और ज्यादा बारिश होने की संभावना है जिससे कई क्षेत्रों में भूस्खलन और अचानक बाढ़ की वजह से यात्रा और भी मुश्किल हो जाएगी।पिछले महीने पाकिस्तान में बीते 24 घंटों में बारिश से जुड़ी घटनाओं में 20 लोगों की मौत हो चुकी है जिससे अब तक मरने वालों की संख्या बढ़कर 215 हो गई है। कुल 43 लोग घायल हुए हैं। वहीं जुलाई में शुरू बारिश में अब तक घायल होने वालों की संख्या 405 तक पहुंच गई है।

### काबुल में आत्मघाती हमले में 6 की मौत; 13 घायल

**काबुल, ।** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में एक आत्मघाती हमले में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और 13 घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक काबुल पुलिस ने बताया कि विस्फोट काबुल के दक्षिण-पश्चिमी काला बख्तियार इलाके में हुआ जिसमें छह लोगों की मौत हो गई मृतकों में एक महिला शामिल है, जबकि 13 घायल हुए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है और अभी तक किसी ने घटना की जिम्मेदारी नहीं ली है।

### बंधकों के शव मिलने के बाद भारी गुस्सा, सड़कों पर लोग

**तेलअवीव ।** इजराइल में लंबे समय से प्रधानमंत्री बिन्यामिन नेतन्याहू के खिलाफ प्रदर्शन होते रहे हैं, लेकिन जब इजराइल डिफेंस सेना (आईडीएफ़) ने बताया कि शनिवार को दक्षिणी गाजा के रफाह में एक सुरंग में छह बंधकों के शव मिले हैं तब से प्रदर्शनों और तेज हो गए हैं। इसराइली सेना जब तक इन बंधकों तक पहुंच पाती उससे पहले इन्हें मार दिया गया था। इसके बाद नेतन्याहू सरकार के खिलाफ हजारों की तादाद में लोग सड़कों पर उतर पड़े। वहीं छह मृत बंधकों में से एक हेर्श गोल्डबर्ग पोलिन की अंतिम यात्रा यरुशलम में निकली है। इस दौरान कई शोकाकुलों में से एक शायदना एब्रान्सन ने कहा, हमें माफ कर दो हेर्श हम तुम्हें समय पर नहीं निकाल सके।

### नेतन्याहू ने जनता से क्यों माफी मांगी.....हमास से क्या कनेक्शन

**येरुशलम ।** गाजा में मृत मिले छह इजराइली बंधकों को वापस लाने में नाकाम रहने पर प्रधानमंत्री बिन्यामिन नेतन्याहू ने जनता से माफी मांगी है।उधर हमास ने चेतावनी देकर कहा कि अगर युद्धविराम पर समझौता नहीं हुआ, तब अन्य बंधक भी 'कफन में अपने घर लौटेंगे। नेतन्याहू का यह बयान तब आया है, जब समझौता वार्ता को अंजाम देने के उनके तरीके को लेकर इजराइल में दूसरी रात भी विरोध प्रदर्शन जारी रहा। दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी दबाव बढ़ रहा है, क्योंकि ब्रिटेन ने ये कहकर इसराइल को और हथियार देने पर रोक लगा दी है कि उनका इस्तेमाल अंतरराष्ट्रीय कानून के उल्लंघन के लिए हो सकता है। लेकिन प्रधानमंत्री अब भी अपने रुख पर अड़े हुए हैं और उन्होंने कहा कि गाजा के फिलाडेल्फी कॉरिडोर पर इजराइली सेना का नियंत्रण जरुरी है। हमास के साथ समझौता वार्ता में यह कॉरिडोर प्रमुख मुद्दा बना हुआ है।

दुश्मनों से मिल रही चुनौती.....

## तीनों सेनाओं का मेकओवर करने में जुटी मोदी सरकार

**नई दिल्ली ।(एजेंसी)**

पड़ोसी मुल्कों के साथ चल रहे तनाव के बीच भारत सरकार ने तीनों सेनाओं के लिए अलग-अलग हथियारों, यंत्रों और अन्य वस्तुओं की खरीद की अनुमित दे दी हैं। इसमें भारतीय सेना के लिए फ्यूचर रेड कॉम्बैट व्हीकल (एफआरसीवी), नौसेना के लिए गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट्स और वायुसेना के फाइटर जेट्स के लिए 240 इंजन प्रमुख हैं। नौसेना को प्रोजेक्ट-17 ब्रावो (पी-17बी) के तहता सात नए एडवांस्ड स्टेल्थ गाइडेड फ्रिगेट्स मिलने है। इसके लिए सरकार ने 70 हजार करोड़ रुपए की मंजूरी दी है। ये सभी नीलगिरी क्लास फ्रिगेट्स के युद्धपोत है। इन्हें मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स, गार्डेन रीच शिफबिल्डर्स, गोवा शिपयार्ड, लार्सेन एंड टुब्रो जैसी कंपनियां बनाएंगे।

फिलहाल मजगांव डॉक और गार्डेन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स प्रोजेक्ट-17 ए के तहत नीलगिरी क्लास के ही फ्रिगेट्स बना रहे हैं। सात जंगी जहाज बनाए जा रहे हैं। पांच लॉन्च हो चुकी हैं जो इस साल फरवरी 2025 तक भारतीय नौसेना में शामिल हो जाएंगे। लांच किए गए फ्रिगेट्स के नाम हैं, नीलगिरी, उदयगिरी, तारागिरी, हिमगिरी और दूनागिरी।

ये फ्रिगेट्स 6670 टन डिस्प्लेसमेंट करते हैं। इसमें 32 बराक-8 मिसाइलें, 8 ब्रह्मोस मिसाइलें, 2 वरुणास्त्र टॉरपीडो लांचर, 2 एंटी-सबमरीन रॉकेट लांचर, तीन गन लगे होते हैं। इसके अलावा इन पर ध्रुव और सीकिंग हेलिकॉप्टर तैनात हो सकते हैं। चार कवच डिकॉय लॉन्चर्स लगे हैं। 2 टॉरपीडो काउंटरमेजर्स सिस्टम लगे हैं।

भारतीय सेना के टी-72 टैंक्स को बदल कर उनकी जगह फ्यूचर रेडी कॉम्बैट व्हीकल्स (एफआरसीवी) तैनात किए जाएंगे। करीब 1770 तैनात करने की योजना है। ये हथियार 60 फीसदी स्वदेशी तकनीकी पर बने है। इन्हें बनाने के लिए दो प्रमुख कंपनियां आगे आई हैं। भारत फोर्ज और लार्सेन एंड टुब्रो। ये काम तीन फेज में होगा। हर फेज में 600 एफआरसीवी बनने है। इस प्रोजेक्ट की लागत होगी करीब 50 हजार करोड़ रुपए है।

एफआरसीव में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ड्रोन इंटीग्रेशन, एक्टिव प्रोटेक्शन सिस्टम, सिचुएशनल अवेयरनेस, मैन्ड और अनमैन्ड टीमिंग की व्यवस्था होगी। भारत के पास इस समय 2400 टी-72 टैंक हैं। एफआरसीवी को तीन स्टेज में सेना में शामिल किया जाएगा। पहले फेज में 590 टैंक शामिल होंगी।

हर फेज में नई तकनीक इसमें जुड़ती चली जाएगी। ताकि टैंक ज्यादा समय तक सुरक्षित रहे। वह ज्यादा घातक हो सके, सटीक हमला करे। सैनिकों को अपने अंदर सुरक्षित रखे। एफआरसीवी इसतरह के टैंक्स हैं, जिनपर हवाई हमलों का कम असर हो। कई तरह की मिसाइलों से हमला कर सकें। एंटी-ड्रोन सेफगार्ड हो। इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर में दक्ष हो। क्योंकि पुराने टैंकों की हालत अभी रूस-यूक्रेन के युद्ध में देखने को मिली है। रूस-यूक्रेन के युद्ध में दोनों तरफ के टैंकों पर ड्रोन हमले हुए। छोटे-छोटे आत्मघाती ड्रोन्स ही उन्हें खत्म कर दे रहे थे। इसलिए पूरी दुनिया में एफआरसीवी की डिमांड बढ़ गई है।

भारत सरकार ने वायुसेना के एसयू-30एमकेआई फाइटर जेट्स के लिए एचएएल को 240 एयरो इंजन बनाने को कह दिया है। इसकी लागत करीब 26 हजार करोड़ रुपए है।

इन इंजनों को अगले साल से लेकर आठ साल के अंदर देना है। इंजनों को 54 फीसदी स्वदेशी रखना है। इंजनों के मिलने से एसयू-30एमकेआई की फ्लीट को ताकत मिलेगी।

## कांग्रेस ने माधवी पर उठाए सवाल, कैसी नौकरी जहां सैलरी से ज्यादा पेंशन

**नई दिल्ली ।(एजेंसी)**

विपक्षी कांग्रेस ने निजी ऋणदाता आईसीआईसीआई बैंक और शाखा आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल से पूर्णकालिक सदस्य और बाद में पूंजी बाजार नियामक निकाय के अध्यक्ष रहते हुए नियमित आय प्राप्त करने को लेकर सेबी अध्यक्ष माधबी पुरी बुच के खिलाफ हमला बोला है। कांग्रेस के मीडिया और प्रचार विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने कहा कि कांग्रेस ने कल तीन प्रश्न पूछे जो आईसीआईसीआई बैंक, पीएन और बुच की ओर निर्देशित थे। तीनों में से, आईसीआईसीआई बैंक ने हमारे आरोपों का जवाब दिया, जिससे इस खुलासे को और अधिक उजागर करने में मदद मिली है। खेड़ा ने कहा कि खुलासे में नरेंद्र मोदी, माधबी पुरी बुच और आईसीआईसीआई बैंक से सवाल पूछे थे। अब शतरंज के खेल के एक मोहरे यानी आईसीआईसीआई बैंक का खुलासे पर जवाब आया है। जब बुच आईसीआईसीआई से रिटायर हुईं, तब 2013-14 में उन्हें 71.90 लाख रुपए की ग्रेच्युटी मिली।

2014-15 में उन्हें 5.36 करोड़ रुपए रिटायरमेंट कम्यूटेड पेंशन मिली। लेकिन अगर 2014-15 में माधबी और आईसीआईसीआई के बीच सेटलमेंट हो गया था और 2015-16 में उन्हें आईसीआईसीआई से कुछ नहीं मिला, तब फिर 2016-17 में पेंशन फिर से क्यों शुरू हो गई?

उन्होंने कहा कि अब अगर साल 2007-2008 से 2013-14 तक की माधबी की औसत सैलरी निकाली जाए, जब माधवी आईसीआईसीआई में थीं, तब करीब 1.30 करोड़ रुपए थी। लेकिन माधबी पुरी बुच की पेंशन का औसत 2.77 करोड़ रुपए है। ऐसी कौन सी नौकरी है, जिसमें पेंशन..सैलरी से ज्यादा है।उम्मीद है कि बुच जवाब देंगी कि 2016-17 में तथाकथित पेंशन फिर से क्यों शुरू हो गई थी? ध्यान रहे कि 2016-17 में माधबी की 2.77 करोड़ रुपए की पेंशन फिर से शुरू हुई, जब माधवी सेबी में पूर्णकालिक सदस्य बन चुकी थीं।

कांग्रेस नेता खेड़ा ने कहा कि आईसीआईसीआई कहता है कि हमारे कर्मचारियों और रिटायर्ड कर्मचारियों के पास अपना ईएसओपीएस एक्सरसाइज करने की च्वाइस होती है। अमेरिका की एक वेबसाइट पर आईसीआईसीआई ने लिखा है कि अगर आईसीआईसीआई बैंक से खुद इस्तीफा दिया जाए, तब उसके 3 महीने के अंदर ही ईएसओपीएस एक्सरसाइज किया जा सकता है।

## केजरीवाल मामले में अदालत.......अग्रिम कार्यवाही करने हेतु पर्याप्त सबूत

**नई दिल्ली ।(एजेंसी)**

दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) नेता अरविंद केजरीवाल को आरोपित करती चौथी सप्लीमेंट्री चार्जशीट का संज्ञान लिया है। सीबीआई ने दिल्ली शराब आबकारी नीति मामले में अनियमितताओं के आरोप में चार्जशीट दाखिल की थी। कोर्ट ने मामले में सभी छह आरोपियों को समन जारी किया है।

दिल्ली कोर्ट द्वारा समन किए गए आरोपियों में सीएम केजरीवाल के अलावा दुर्गेश पाठक, अमित अरोड़ा, विनोद चौहान, आशीष माथुर और पी सारथ रेड्डी शामिल हैं। मामले पर अगली सुनवाई 11 सितंबर को होगी।

स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने सुनवाई में कहा कि मुख्यमंत्री केजरीवाल और अन्य आरोपियों के खिलाफ अग्रिम कार्यवाही करने हेतु पर्याप्त सबूत मौजूद हैं। अदालत ने केजरीवाल के लिए प्रोडक्शन वारंट जारी किया और पाठक को 11 सितंबर के लिए तलब किया है। सीबीआई ने पिछले माह अदालत को बताया था कि उन्हें केजरीवाल और पाठक के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी मिल गई है।

इस बीच, आप के पूर्व कम्युनिकेशन प्रभारी विजय नायर को राहत कोर्ट से राहत मिल गई है। सुप्रीम कोर्ट ने कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से उपजे मनी लॉन्ड्रिंग मामले में लगभग 23 महीने की कैद के बाद सोमवार को उन्हें जमानत दे दी।

**केजरीवाल की जमानत पर 5 सितंबर को सुनवाई**

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के सीएम केजरीवाल की आबकारी नीति मामले में जमानत याचिका पर सुनवाई 5 सितंबर तक के लिए टाल दी थी। सीबीआई ने हलफनामा दाखिल करने के लिए और समय मांगा था। केजरीवाल ने दो याचिकाएं दायर की हैं, एक जमानत से इंकार को चुनौती देने वाली और दूसरी याचिका में उन्होंने सीबीआई द्वारा की गई उनकी गिरफ्तारी को चुनौती दी गई है।

## मालेगांव में गाउन के बाद अंडरवियर गिरोह की धमक घर और कॉलेज में चोरी

पांच लाख का सोना और कॉलेज परिसर से केले चुराकर ले गए

**मुंबई ।(एजेंसी)**

महाराष्ट्र के नासिक जिले के मालेगांव में बीती देर रात कच्छा-बनियान गिरोह बनकर अज्ञात चोरों ने एक घर और कॉलेज से लाखों का माल लूट कर ले गए। पीड़ितों का आरोप है कि एक घर से चोर पांच लाख का सोना और कॉलेज परिसर से केले चुराकर ले गए। चोरों की यह करतूत सीसीटीवी में कैद हुई है। फुटेज में चोर अंडरवियर और बनियान पहने हुए हैं। पिछले हफ्ते मालेगांव में इसी तरह की एक अन्य घटना में चोर गाउन पहनकर रिहायशी इलाकों में घुसे थे और एक मंदिर के दानपात्र से पैसे चुराकर भाग गए।

मालेगांव में अंडरवियर गिरोह की धमक गाउन गिरोह द्वारा अंजाम दी गई चोरी के कुछ समय बाद ही हुई है। उस गिरोह को महिलाओं के वेश में देखा गया। ज्यादातर गाउन पहने हुए कैमरे में कैद हुए थे। इन चोरों ने पिछले सप्ताह मालेगांव के रिहायशी इलाकों में कई घरों को निशाना बनाया। चोरों ने एक मंदिर के दानपात्र से भी पैसे चुराए।



बता दें कि चड्डी बनियान गिरोह पहले भी देश के कई हिस्सों में चोरी और हमले की घटनाओं को अंजाम दे चुका है। ये चोर अक्सर बनियान और अंडरवियर पहनकर अपराध को अंजाम देते हैं। कई बार लोगों को डराने के लिए इनके पास धारदार हथियार भी होते हैं। हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो सका है, कि मालेगांव में इस तरह से चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले अपराधी वाकई इस गिरोह से हैं, या लोगों को भ्रमित और डराने के के लिए इस तरह का वेश धरा है।

## आईसी 814 विवाद: केंद्र के साथ बैठक के बाद नेटफ्लिक्स बदलाव को तैयार

-केंद्र सरकार ने कहा- क्रिएटिविटी के नाम पर भावनाओं को ना पहुंचाएं ठेस

**नई दिल्ली। (एजेंसी)**

वेब सीरीज 'आईसी 814: द कंधार हाईजैक' को लेकर बवाल के बाद नेटफ्लिक्स इसमें बदलाव करने के लिए तैयार है। इस सीरीज़ में आतंकियों के नाम भोला और शंकर रखे जाने को लेकर विवाद है। सीरीज़ के भारी विरोध के बाद केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने नेटफ्लिक्स इंडिया की कंटेंट हेड को समन जारी कर बुलाया था। मंगलवार को नेटफिलक्स हेड मोनिका शेरगिल मंत्रालय के अधिकारियों के सामने पेश हुईं। मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों और मोनिका की बैठक में बातचीत हुई। इस दौरान केंद्र सरकार को नेटफ्लिक्स की ओर से कहा गया कि वेब सीरीज 'आईसी 814: द कंधार हाईजैक' के आपत्तिजनक हिस्से में बदलाव करने के लिए तैयार है। साथ ही ये भी भरोसा दिलाया कि भविष्य में नेटफ्लिक्स पर जो भी फिल्में या वेब सीरीज़ आएंगी, उसे देश के लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखकर तैयार किया जाएगा। इस मामले पर केंद्र सरकार ने कहा है कि क्रिएटिविटी के नाम पर भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचाई जा सकती है। सरकार का कहना है कि हम सपोर्ट करने के साथ कंटेंट और कंटेंट क्रिएटर्स को आगे भी बढ़ा रहे हैं लेकिन फैक्ट्स के साछ छेड़छाड़ नहीं होना चाहिए। फिल्म या सीरीज़ को रिलीज़ करने से पहले सही रीसर्च करनी चाहिए और फैक्ट चेक भी होना चाहिए। 'आईसी 814: द कंधार हाईजैक' का निर्देशन अनुभव सिन्हा ने किया है। इस सीरीज़ को 29 अगस्त को नेटफ्लिक्ट पर रिलीज़ की गई। सीरीज़ में 6 एपिसोड हैं. ये 1999 में हुए कंधार प्लेन हाईजैक की घटना पर आधारित है। विवाद है, इस सीरीज़ के दो हाईजैकरों के नाम पर। इस प्लेन को पांच हाईजैकरों ने हाईजैक किया था. इन आतंकियों ने हाईजैकिंग के दौरान अपने कोड नेम रखे थे। इनके नाम थे, भोला, शंकर, डॉक्टर, बर्गर और चीफ। इसे लेकर सोशल मीडिया पर लोगों ने हिंदू भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया। विवाद के बाद सरकार ने नेटफ्लिक्स हेड को तलब किया और अब इसमें ओटीटी प्लैटफॉर्म बदलाव के लिए तैयार हो गया है।

## संदीप घोष को कोर्ट से झटका

-आरजी कर के पूर्व प्रिंसिपल को 8 दिन की सीबीआई हिरासत में भेजा

**सीबीआई ने अदालत से डॉ घोष की 10 दिन की हिरासत मांगी थी, लेकिन कोर्ट ने 8 दिनों की सीबीआई हिरासत मंजूर की**

**कोलकाता।(एजेंसी)**

कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में ट्रेनी महिला डॉक्टर के साथ हुई दरिंदगी और हत्या के बाद जांच के दायरे में आए आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल डॉ संदीप घोष को कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने डॉ घोष को 8 दिनों के लिए सीबीआई की हिरासत में भेजने का आदेश दिया है।

यहां बता दें कि सीबीआई ने अदालत से डॉ घोष की 10 दिन की हिरासत मांगी थी, लेकिन कोर्ट ने 8 दिनों की सीबीआई हिरासत मंजूर की है। वहीं, अदालत ने इसी मामले में गिरफ्तार चल रहे एक अन्य आरोपी अफसर अली खान की जमानत याचिका को भी खारिज कर दिया है। गौरतलब है कि सीबीआई ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में हुए ट्रेनी महिला डॉक्टर रेप व मर्डर मामले में जांच शुरु करते हुए अनेक लोगों से पूछताछ की थी। इनमें मेडीकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष की संदिग्ध गतिविधियों को देखते हुए उन्हें भी आरोपी बनाया गया था। इसे लेकर सीबीआई कई दिनों की पूछताछ के बाद कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल डॉ संदीप घोष को सोमवार को हिरासत में ले लिया था।



वैसे डॉ घोष की यह गिरफ्तारी भ्रष्टाचार के मामले को लेकर की गई है। आज अदालत में उन्हें पेश किया गया, जिसके बाद सीबीआई ने 10 दिन की हिरासत मांगी, लेकिन कोर्ट ने 08 दिन सीबीआई हिरासत की इजाजत दी है। गौरतलब है कि सीबीआई ने यह कार्रवाई 15 दिनों से अधिक की पूछताछ पूर्ण करने के बाद की है। इस मामले में और खुलासे होने की उम्मीद जताई जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार




### जूनियर डॉक्टर का कोलकाता पुलिस मुख्यालय के सामने धरना प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या मामले पर जूनियर डॉक्टर कोलकाता पुलिस मुख्यालय के सामने धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। पीड़ित डॉक्टर के लिए न्याय की मांग की जा रही है। इस बीच बंगाल विधानसभा के दो दिवसीय विशेष सत्र के आखिरी दिन मंगलवार को ममता सरकार एंटी रेप बिल पेश किया। इसमें रेप के दोषियों को दस दिनों के अंदर फांसी की सजा देने का प्रावधान है। इसका नाम अपराजिता वीमेन एंड चाइल्ड बिल 2024 है। बीजेपी का कहना है कि उनकी पार्टी दुष्कर्म के खिलाफ बंगाल सरकार के विधेयक का समर्थन करेगी। कोलकाता में जूनियर डॉक्टरों का प्रदर्शन जारी है। ये डॉक्टर न्याय की मांग करते हुए तेज धूप में छाता लिए बैठे हैं और विरोध दर्ज करा रहे हैं। कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या मामले पर देशभर में गुस्सा है। महिलाओं के खिलाफ बढ़ रही अपराध की घटनाओं के मद्देनजर बंगाल विधानसभा के दो दिवसीय विशेष सत्र का आज आखिरी दिन है। ममता सरकार ने विधानसभा में एंटी रेप बिल पेश किया, जिसमें दुष्कर्म के दोषियों को दस दिन के अंदर फांसी की सजा देने की बात कही गई है।

### महिला अपराध पर बोलने से ज्यादा बेहतर.....कुछ करना : अनन्या

**मुंबई ।** अभिनेत्री अनन्या पांडे बॉलीवुड की एक जानमान चेहरा हैं, वे अक्सर किसी न किसी वजह को लेकर सुर्खियों में रहती हैं। अब हाल ही में अनन्या ने महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों तथा सिनेमा जगत में उनके साथ होने वाले बर्ताव पर खुलकर बात की। अनन्या का कहना है कि महिलाओं को बुरे वक्त का सामना हमेशा ही करना पड़ा है, लेकिन आज स्थिति बदली है। वे अब इन मुद्दों पर मुखरता से अपनी बात रखती हैं। महिलाओं के साथ होने वाले अपराध और बुरे बर्ताव पर अनन्या ने कहा कि जागरूकता बढ़ाना जरूरी है लेकिन समाज में वास्तविक बदलाव लाने के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत है। अनन्या ने कहा, महिलाओं ने हमेशा बुरे वक्त का सामना किया है, अब हम इसके बारे में काफी कुछ बोल रहे हैं। इसके बारे में बात करना एक बात है लेकिन इससे भी अधिक महत्वपूर्ण है, इस लेकर कुछ करना। उन्होंने कहा, एक महिला और एक कलाकार के तौर पर हम अपने आस-पास के पुरुषों को यह बताकर अपना योगदान दे रहे हैं कि वे इन परिस्थितियों का कैसे बेहतर बना सकते हैं और साथ ही महत्वपूर्ण मुद्दों पर आवाज उठा रहे हैं। अनन्या ने कहा कि खासतौर पर कानून के जरिये व्यवस्थागत बदलाव की जरूरत है। सबसे महत्वपूर्ण कदम कानून में बदलाव लाना है और सरकार इसमें कई बदलाव कर रही है।

### क्या पाकिस्तान के लोगों को भारत के हमले का सता रहा डर?

-सोशल मीडिया पर वायरल हुए मॉक इंटरव्यू से उठे सवाल

**नई दिल्ली।** इस समय बंगलादेश में राजनीतिक अस्थिरता का दौर चल रहा है, वहीं पाकिस्तान के लोगों को यह डर भी सताने लगा है कि कहीं भारत उनके देश पर हमला तो नहीं करने वाला है। ऐसा इसलिए कहा जा रहा है, क्योंकि पाकिस्तान में सैन्य सर्विसेज की तैयारी कराने वाले एक कोचिंग संस्थान का मॉक इंटरव्यू खूब वायरल हो रहा है। इस इंटरव्यू को लेने वाले एक पूर्व सैन्य अधिकारी, सैन्य सर्विसेज की तैयारी करने वाले अभ्यर्थी से भविष्य में भारत द्वारा परमाणु हमले की बात करते हुए दिखाई दे रहा है। वह कहता है कि इसकी जानकारी बॉलीवुड अभिनेत्री कैटरीना कैफ के पास है, अब आप उससे वह जानकारी कैसे लेंगे। इस पर अब सवाल किए जा रहे हैं कि इस तरह की बात क्यों की जा रही है, कहीं पाकिस्तान के लोगों को भारत से हमले का अंदेशा तो नहीं सता रहा है। पाकिस्तान के पूर्व सैन्य अधिकारी सरमद मुहम्मद खान ने मॉक इंटरव्यू में अभ्यर्थी अली अब्बास से पूछा कि आपकी पसंदीदा अभिनेत्री कौन है? इस पर छात्र ने कहा कि पाकिस्तानी अभिनेत्री दुर–ए–फिशां सलीम है। इसके बाद पूछा कि बॉलीवुड में पसंदीदा अभिनेत्री कौन हैं? जवाब में छात्र कैटरीना कैफ का नाम लिया है। अली अब्बास एबटाबाद का रहने वाला है। मगर मौजूदा समय में लाहौर में रहता है। वहीं खान वर्ल्ड टाइम्स फोर्सेज अकादमी चलाते हैं। खान ने अली के सामने एक अजीब सी स्थिति रखी। उन्होंने कहा कि मान ले भारत पाकिस्तान पर परमाणु हमले की योजना बना रहा है। सिर्फ अभिनेत्री कैटरीना के पास यह जानकारी है कि पाकिस्तान इस कैसे रोक सकता है? जानकारी हासिल करने की खातिर अगर तुम्हें कैटरीना से किसी तरह का संबंध बनाने को कहा गया तब क्या प्लान होगा। इस पर अभ्यर्थी अब्बास ने जवाब दिया कि देश की रक्षा की खातिर मुझे ऐसा करना पड़ेगा।

## आज गुजरात में भारी बारिश, मौसम विभाग ने कई राज्यों को किया अलर्ट

**नई दिल्ली।(एजेंसी)**

देश के ज्यादातर इलाकों में भारी बारिश हुई। सितंबर महीने में भी यह सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने कई राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। आईएमडी के मुताबिक आज मंगलवार को गुजरात में भयंकर बारिश हो सकती है। यहां रेड अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा सौराष्ट्र, कच्छ और पश्चिमी मध्य प्रदेश के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। यहां बहुत भारी बारिश का अलर्ट है। इसके अलावा कई राज्यों में बारिश का येलो अलर्ट किया है।

4 सितंबर बुधवार को बारिश में कमी होने की उम्मीद है। केवल सौराष्ट्र, कच्छ और गुजरात में बहुत भारी बारिश के साथ ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। हालांकि कई राज्यों के लिए येलो अलर्ट जारी है। 5 सितंबर को उत्तराखंड, राजस्थान, पश्चिमी मध्य प्रदेश, गुजरात, सौराष्ट्र, कच्छ, मध्य महाराष्ट्र, कोकण, गोवा, ओडिशा, अरुणांचल प्रदेश, अंडमान निकोबार और उप हिमालयी पश्चिम बंगाल व सिक्किम में भारी बारिश के साथ येलो अलर्ट जारी किया गया है। 6 सितंबर को उत्तराखंड, राजस्थान, गुजरात, मध्य माहाराष्ट्र, कोंकण व गोवा, पश्चिमी यूपी, छत्तीसगढ़ और ओडिशा में बारिश का येलो अलर्ट है। 7 सितंबर 5 राज्यों में ही बारिश होने की संभावना है। आईएमडी के मुताबिक, शनिवार को उत्तराखंड, राजस्थान, मध्य महाराष्ट्र, कोंकण व गोवा और छत्तीसगढ़ के भारी बारिश के आसार हैं। 8 सितंबर



रविवार को उत्तराखंड, राजस्थान, मध्य महाराष्ट्र, कोंकण व गोवा और छत्तीसगढ़ में भारी बारिश के आसार रहेंगे. यहां के लिए आईएमडी ने येलो अलर्ट जारी किया है.

बता दें कि इस साल 2024 में पिछले 30 सालों में दूसरी बार सबसे ज्यादा बारिश हुई है। जुलाई से अगस्त के बीच 599.7 मिमी बारिश हुई है। ये तीन दशक में दूसरी बार इतनी ज्यादा बारिश हुई। इससे पहले 1994 में 636.8 मिली बारिश हुई थी।

## सिंगापुर से इलाज कराकर लौटे लालू फिर हुए एक्टिव, बुलाई अहम बैठक

-तेजस्वी की आभार यात्रा और विधानसभा चुनाव को लेकर होगी चर्चा

**पटना। (एजेंसी)**

सिंगापुर से इलाज कराने के बाद आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव पटना लौटते ही एक्शन में दिख रहे हैं। दरअसल लालू यादव सिंगापुर से दिल्ली लौटे और फिर पटना आ गए हैं। पटना आते ही लालू एक बार फिर एक्शन में आ गए हैं। आरजेडी सूत्रों के मुताबिक लालू प्रसाद यादव ने बुधवार को एक अहम बैठक बुलाई है।

इस बैठक में आरजेडी के चारों सांसद, सभी विधायक और विधान परिषद के सदस्यों को मौजूद रहने के निर्देश दिए हैं। बैठक में तेजस्वी यादव की आभार यात्रा के साथ साथ आने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा की जाएगी। बताया जा रहा है कि बैठक में कई अहम फैसले लिए जा सकते हैं। बैठक में लालू के साथ तेजस्वी और पार्टी के सभी बड़े नेता मौजूद रहेंगे।

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को देखते हुए तेजस्वी यादव 10 सितंबर से एक बार फिर बिहार की यात्रा पर निकलने वाले हैं। तेजस्वी अपनी इस आभार यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं और लोगों से बातचीत करेंगे। यात्रा के दौरान कोई सभा नहीं होगी। यात्रा की शुरुआत समस्तीपुर जिले से होगी। यह यात्रा 17 सितंबर चक चलेगी। इस दौरान तेजस्वी दरभंगा, समस्तीपुर, मधुबनी और मुजफ्फरपुर का दौरा करेंगे। अपनी यात्रा के दौरान तेजस्वी हर जिले में दो दिन रहेंगे।

बता दें, लालू प्रसाद यादव अपने इलाज के लिए पत्नी राबड़ी देवी और बेटी मीसा भारती के साथ सिंगापुर गए थे। सिंगापुर में इलाज कराने के बाद लालू सोमवार को पटना लौटे हैं। सिंगापुर प्रवास के दौरान लालू की बेटी रोहिणी आचार्या भी उनके साथ थी। वहीं लालू के पटना एयरपोर्ट पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।


स्वामी, मुद्रक व् प्रकाशक : सुरेश मौर्या द्वारा अष्ट विनायक ओफ़्सेट एफपी,149 प्लोट 26 खोडीयारनगर,सिद्धिविनायक मंदीर के पास , (भाटेना) हो.सो अंजना सुरत गुजरात से मुद्रित एवं 191 महादेव नगर उधना सुरत गुजरात से प्रकाशित संपादक :सुरेश मौया (M) 9879141480 RNI No.:GUJHIN/2018/75100 (Subject to Surat jurisdiction)

# पांडेसरा से 15 फर्जी डॉक्टर गिरफ्तार, 50-200 रुपये में दवाइयाँ बेचते थे



क्रांति समय | SOG के बाद सूरत पांडेसरा पुलिस द्वारा आज पूरे इलाके में मेगा सर्च ऑपरेशन चलाया गया. जहां से पुलिस ने फर्जी डॉक्टरों के रैकेट का भंडाफोड़ किया. ये ऐसे डॉक्टर थे जिनके पास किसी भी प्रकार की डिग्री नहीं थी. ये लोग पहले किसी क्लिनिक या अस्पताल में कंपाउंडर के रूप में काम करते थे और बाद में अपना खुद का क्लिनिक शुरू कर गरीब मरीज़ों से 50 से लेकर 200 रुपये लेकर दवाइयाँ देते थे. फिलहाल, पांडेसरा पुलिस द्वारा 15 फर्जी डॉक्टरों को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस ने विभिन्न इंजेक्शन, सिरप समेत कुल 59 हज़ार रुपये का सामान जब्त किया है.

सूरत पुलिस कमिश्नर द्वारा सभी पुलिस थानों के पीआई को निर्देश दिया गया था कि जहाँ भी फर्जी डॉक्टरों का रैकेट हो और लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो रहा हो, वहाँ छापेमारी की जाए और ऐसे डॉक्टरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेजा जाए. इसी क्रम में आज पांडेसरा पुलिस द्वारा दोपहर के समय पूरे इलाके में मेगा सर्च ऑपरेशन चलाया गया. पुलिस ने अलग-अलग टीमें बनाई थीं.

इन टीमों द्वारा पांडेसरा इलाके में चल रहे क्लिनिकों पर छापे मारे गए. पुलिस ने डिग्री के बिना 15 फर्जी डॉक्टरों को पकड़ा, जो पहले किसी अस्पताल या क्लिनिक में कंपाउंडर के रूप में काम करते थे. इनमें से कुछ ने सिर्फ 10वीं या 12वीं तक ही पढ़ाई की थी, लेकिन खुद को डॉक्टर बताकर गरीब मरीज़ों से 50 से 200 रुपये चार्ज कर रहे थे. पुलिस ने अलग-अलग इंजेक्शन और सिरप समेत कुल 59 हजार रुपये का सामान जब्त किया. उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी SOG पुलिस द्वारा इसी तरह का मेगा ऑपरेशन चलाया गया था, जिसमें लिंबायत और पांडेसरा इलाके से दर्जनों फर्जी डॉक्टर पकड़े गए थे.

# हेल्थ अवेयरनेस सेमिनार का हुआ आयोजन



क्रांति समय | सूरत, पर्वत पाटिया स्थित माहेश्वरी भवन में रविवार को हेल्थ अवेयरनेस सेमिनार का आयोजन भास्कर सिल्क मिल द्वारा समाज -सेवा के उद्देश्य के लिए किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत भास्कर मिल के डायरेक्टर अशोक टिबरेवाल एवं सौरभ टिबरेवाल ने दीप प्रज्वलित करके की. सेमिनार में स्पीकर डॉक्टर लव पटेल ने अच्छे स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिये प्रेजेंटेशन दीं गयी. अलग-अलग चार स्टेज लिवर, कोलेस्ट्रॉल, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, थायराइड, अलग-अलग उम्र में खानपान और अच्छी स्वस्थ लाइफ स्टाइल के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई. आयोजन में ग्रुप के भावेश सोनथलिया के अलावा 800 से ज़्यादा लोग उपस्थित रहें.

# कल्पसूत्र जीवन में मिरर, मेप, माइलस्टोन और मेडिसीन है : आचार्य श्री जिनमणिप्रभसूरीश्वरजी



क्रांति समय | सूरत, शहर के पाल में श्री कुशल कांति खरतरगच्छ जैन श्री संघ पाल स्थित श्री कुशल कांति खरतरगच्छ भवन में युग दिवाकर खरतरगच्छाधिपति आचार्य श्री जिनमणिप्रभसूरीश्वरजी म. सा. ने मंगलवार 3 सितंबर को पर्वाधिराज पर्युषण के चौथे दिन प्रवचन में कहा कि किसी क्षेत्र में हमें रूई जैसे और किसी क्षेत्र पाषाण जैसा बनना है. जब परमात्मा की वाणी बरसे, अध्यात्म की चर्चा हो तो हमें रूई जैसा बनना है. और संसार का वातारण हो, संसार का निमित्त हो, ईर्ष्या और वासना के निमित्त मिले वहां हमें पाषाण जैसे हो जाना है. लेकिन संसार के क्षेत्र के हम रूई जैसे बनते है. कल्पसूत्र पर बोलते हुए कहा कि कल्पसूत्र हमारे जीवन में मिरर जैसा कार्य करता है. कल्पसूत्र मेप है, यह बताता है कि आपको कौनसे रास्ते पर चलना है. लेकिन मेप देखने से पहले आपको अपना लक्ष्य तय करना पड़ेगा. कल्पसूत्र माइलस्टोन है. माइलस्टोन आपको गलत रास्ते पर जाने से रोकता है. और अपने कितनी दूरी तय की वह भी बताता हैं. कल्पसूत्र हदय की प्रसन्नता सीखाता है. कल्पसूत्र मेडिसीन भी है. सामायिक, प्रतिक्रमण, तपश्चर्या, जाप भी दवाई है. हमने क्रोध, माया, द्वेष, वासना और ईर्ष्या करके अपनी भव भ्रमणा बढ़ाने का काम किया है. हर बीमारी का इलाज कल्पसूत्र में उपलब्ध है. मुख्य रूप से हमारी बीमारी एक है वह है कर्म. कर्म की बीमारी को नष्ट करना है तो कल्पसूत्र की मेडिसीन हमें लेना होगा. संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश मंडोवरा और युवा परिषद के अध्यक्ष मनोज देसाई ने विस्तृत जानकारी देते हुए कहा बुधवार को सुबह सवा नौ बजे व्याख्यान प्रारंभ होगा. आधा घंटे के प्रवचन के बाद बोलियां प्रारंभ हो जाएगी. प्रवचन में चौदह सपने के बारे में तीसला महाराणी गर्भकाल में कैसे जीती है, परमात्मा महावीर का स्थिर होना यह सब वर्णन प्रवचन में श्रवण करेंगे. प्रभुवीर जन्म वाचन गुरूदेव की निश्रा में किया जाएगा.





